भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

विश्व फोटोग्राफी दिवस आज


जयपुर, 7 अगस्त - 13 अगस्त, 2024

हरियाली तीज की हार्दिक शुभकामनाएँ

श्रावण, पक्ष - शुक्ल, तिथि - तृतीया, संवत 2081 पृष्ठ : 8+2 बुधवार वर्ष-10, अंक-23, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## कार्ड बनवाने और केवाईसी करवाने में ही उलझ कर रह गया आम आदमी!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**आम** आदमी को रोजी-रोटी कमाने से ही फुर्सत नहीं मिलती है। बेचारा सुबह जाकर शाम को दिनभर के काम से थका हारा जब घर लौटता है तो पता चलता है कि राशन की दुकान पर कहा गया है कि केवाईसी करवाओ, वरना गेहूं नहीं मिलेंगे। बेचारा एक दिन की मजदूरी खोटी कर राशन की दुकान पर जाता है सब परिवार को लेकर केवाईसी कराने। पता चलता है कि आज राशन की दुकान खोली ही नहीं है। माथा पीटता बड़बड़ाता घर आता है। केवाईसी भी नहीं हुई और मजदूरी भी गई। ऐसे ही न जाने कितने काम हैं जिनके कार्ड बनवाने, उनमें करेक्शन करवाना, इसी में उलझा रहता है। दिमाग में चैन आता ही नहीं है। एक के बाद एक कार्ड अपडेट कराने के लिए तैयार रहते हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन वालों को देखो, उन्हें जीवित होने का प्रमाण देते फिरो। अरे भाई, जब नगर निगम में व्यवस्था है कि जन्म और मृत्यु की सूचना वहां दी जाती है तो फिर वहां से ही आधार-कार्ड से जिंदा होने का प्रमाण भी मिल जाएगा। क्यों गरीब आदमी को परेशान किया जाता है। पिछले दिनों से चल रहा है कि पुरानी गाड़ियों पर चाहे वो दुपहिया हो या चार पहिया या तीन पहिया। सब की नंबर प्लेट बदलेगी। वरना एक हजार रुपए जुर्माना। फिर भी नहीं बदली तो और ज्यादा जुर्माना भरना पड़ेगा। हमसे गाड़ी खरीदते समय सारा पैसा वसूल कर लिया जिसमें नंबर प्लेट भी शामिल है तो ये पैसा क्यों वसूला जा रहा है। खुद आरटीओ बदले नंबर प्लेट। मगर कौन सुनता है आम आदमी की। एक प्लेट के सैंकड़ों रुपए जमा हो रहे हैं। करोड़ों रुपए पहुंच जाएंगे सरकार के पास। या फिर जिन्होंने ये टेंडर लिया है। इसी तरह कार्डों की लाइन लगी हुई है। आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, हरे कार्ड, पीले कार्ड, लाल कार्ड, पेन कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस कार्ड, गाड़ी की आर.सी., गैस के भी कार्ड मिलने लगे हैं। वोटर आई डी कार्ड, एटीएम कार्ड, आई कार्ड और भी जाने कितने कार्ड हैं। कहां-कहां तक संभाल कर रखें इन कार्डों को। फिर इनमें से कईयों के पासवर्ड याद रखो। मोबाइल से जोड़ो। कहने का मतलब है कि कार्ड ही कार्ड। चारों तरफ एक-एक आदमी के पास कितने ही कार्ड हो गए। उन्हें संभालना। पूरे परिवार के अगर कार्डों को देखो तो एक मोटी सी थप्पी लग जाती है। फिर उनके अपडेट कराओ। पता नहीं सरकार ने क्यों इन कार्डों के झमेले में उलझा दिया है आम आदमी को। ठीक है एक कार्ड बन गया आधार कार्ड। उसमें सब जोड़ते जाओ। ढेरों कार्डों का झंझट ही खत्म। आराम से सब काम हो सकते हैं। मगर, क्या करें उलझे ही रहना है सरकारी कार्डों के मायाजाल में।

shivdayalmishra@gmail.com

# बांग्लादेश से भागीं शेख हसीना अभी भारत में ही रहेंगी!

**दावा-अमेरिकी वीजा रद्द, ब्रिटेन में पनाह की उम्मीद नहीं, सेफ हाउस भेजी गईं**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना कुछ दिनों तक भारत में ही रह सकती हैं। उनकी ब्रिटेन में पनाह मिलने की उम्मीद टूटती दिख रही हैं। वहां की सरकार ने ऐसे संकेत दिए हैं कि ब्रिटेन पहुंचने पर उनके खिलाफ बांग्लादेश के प्रदर्शनों के चलते कानूनी कार्रवाई हो सकती है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक फिलहाल शेख हसीना को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने शेख हसीना का वीजा रद्द कर दिया है। दूसरी तरफ बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने संसद भंग कर दी है। देश की पूर्व PM खालिदा जिया को भी रिहा कर दिया गया है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने संसद भंग करने का अल्टीमेटम दिया था। बांग्लादेश में प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ 2 महीने से जारी प्रदर्शन में सोमवार को जमकर हिंसा हुई थी। इसके बाद वे पद से इस्तीफा देकर भारत पहुंची थीं। हिंडन एयरबेस पर NSA अजित डोभाल ने उनसे करीब एक घंटे बातचीत की थी। इधर, भारत में मंगलवार को सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, "शेख हसीना सदमे में हैं। सरकार बात करने से पहले उन्हें कुछ समय दे रही है। वे भविष्य को लेकर खुद फैसला लेंगी।"

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in

कहीं आप गलत तेल के शिकार तो नहीं हो रहे है ?
देशी दिल के लिये, दादी वाला देशी तेल...
Kabira
Healthy Growth
Yellow Mustard Oil
Natural Immunity Booster
FORTIFIED
100% VEG.
COLD PRESSED
WHO GMP
one of the OLDEST OIL known to HUMAN
स्वदेशी पीली सरसों का तेल है, प्राचीन, पौष्टिक एवं परखा।
▸ प्राचीन शीतल विधी घाणी से निर्मित।
▸ निर्माण विधी उच्च ताप रहित ।
▸ निर्माण में कोई रासायनिक प्रयोग नहीं।
▸ कंसर को रोकने में लाभदायक ।*
▸ मधुमेह को नियंत्रित करने में लाभदायक ।
▸ एसीडीटी एवं गेस्टिक रोगों में मददगार ।
▸ रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने मे लाभदायक ।
▸ केवल देसी सरसों द्धारा निर्मित ।
▸ मोटापा घटाने में लाभदायक ।
▸ बालों के लिए एक उत्तम तेल ।
▸ ओमेगा 3 एवं ओमेगा 6 से भरपूर ।
▸ तीखी गंध रहित होने के कारण सभी व्यंजनों में उपयोगी ।
▸ अनेक औषधीय गुणों से भरपूर ।
▸ सभी तेलों के मुकाबले सबसे कम सेच्युरेटेड फेट्स ।*
▸ छः हजार वर्षों से मानव के लिए उपयोगी ।
Kabira Cold Pressed Oils are Also Available in :
Kachchi Ghani Mustard Oil (Pungent Smell)
Kachchi Ghani Groundnut Oil | Kachchi Ghani Sesame (Til) Oil



स्वस्थ जीवन के लिए कोनसा तेल उपयोग करें ?

| तेल आप उपयोग करें | तेल आप उपयोग ना करें |
|---|---|
| कबीरा पीली सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड पामोलीन तेल |
| कबीरा कच्ची घानी सरसों का तेल | कबीरा रिफाईण्ड राईस ब्रान तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल | कबीरा ब्लेन्डेड एवं कनोला तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल | कबीरा रिफाईण्ड सोयाबीन तेल |
| कबीरा कोल्ड प्रेस्ड बादाम तेल | कबीरा रिफाईण्ड सूरजमुखी तेल |
| | कबीरा रिफाईण्ड मूंगफली तेल |

कबीरा पीली सरसों तेल को फेक्ट्री मूल्य में लेने के लिए इस विज्ञापन एवं अपनी डिटेल्स को 90017-99117 पर व्हाट्सप करें और फ्री में लाइफ मेम्बर बनें एवं पाएं 590 रू. की चांदी की फ्रेम एवं केनवास बेग बिलकुल Free
ONLY FOR NEW MEMBER, LIMITED TIME OFFER


| | |
|---|---|
| समस्त व्रत एवं उपवास में उपयोगी | केवल कबीरा कोल्ड प्रेस्ड मूंगफली का तेल |
| सर्दियों में उपयोगी | कबीरा कोल्ड प्रेस्ड तिल्ली का तेल |
| हर मौसम में उपयोगी | कबीरा पीली सरसों एवं कच्ची घानी सरसों तेल |
| दिपावली, दिपक प्रज्वलन के लिए | कबीरा तिल्ली एवं कच्ची घानी सरसों तेल |

-: Awards & Achievements :-



# For Award Details : Contact 98290-50738
To Open Kabira Hand Made Exclusive Store or Other Trade Inquiries Please Contact :
MANISHANKAR OILS PVT LTD
+91 98290 50738
www.manishankaroils.in
ALSO DEALS IN KISAN, PEEURA, TILAK, HANDMADE, MURARKA, BANSI, KABIRA COLD PRESSED (EDIBLE OIL, SPICES & TEA)
* In Reference to : Asian Journal of Dairy and Food Research (2019)
#GOVERNMENT OF INDIA'S NATIONAL AWARDED #GOVERNMENT OF RAJASTHAN'S UDYOG RATAN AWARDED

UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
IEM - UEM Group | Jaipur and Kolkata
IEM & UEM Institutions are Founded and Managed by IITians and Majority of Faculty are IITians
Global Ratings
GLOBAL UNIVERSITY RANKINGS
NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK
INSTITUTION'S INNOVATION COUNCIL (Ministry of Education Initiative)
AIMA ALL INDIA MANAGEMENT ASSOCIATION MEMBER
SHALBY ACADEMY (A Unit of SHALBY LIMITED)
UGC (University under Section 2(f) of the UGC Act)
AICTE APPROVED
NAAC ACCREDITED
AIU MEMBER
IAO ACCREDITED INSTITUTION
UEM JAIPUR is Ranked in The Top Position in North India under Institution's Innovation Council by Ministry of Education, Govt. of India
कपिला - KAPILA
UEM JAIPUR has Highest Funded Patents in Rajasthan from Govt. of India
Check in Government Website:
https://kapila.mic.gov.in/kapila-stats.php
NEWS18 राजस्थान · Awarded for · Outstanding Placement in Engineering & Management - Domestic & International
INDIA TODAY · Ranked #19 · for BCA - All India Private & Government Colleges
INDIA न्यूज़ · Awarded for · Most Trusted University with Skill Based Quality in Education and Best Placements in Rajasthan
Outlook · Ranked #45 · amongst TOP Private University in all over India
1st इंडिया NEWS · Awarded for · Excellent Placements in Engineering and Management - Domestic & International
ZEE राजस्थान · Awarded for · Zee Rajasthan Awards in Education Excellence 2024
CSE DATA SCIENCE - SAS
CSE CLOUD COMPUTING & VISUALIZATION - IBM
BBA DIGITAL BUSINESS - IIDE
"Students may opt for Dual Degree Programs - for example, a student may select Civil Engineering as major degree with CSE as minor degree or vice-versa"
MORE THAN 300+ Patents
500+ RESEARCH PAPERS
₹ 5 CRORES+ WORTH SCHOLARSHIPS PROVIDED TO THE MERITORIOUS STUDENTS
₹ 72 LPA HIGHEST ANNUAL SALARY OFFERED
B.TECH
M.TECH
Admissions Open 2024-25
Computer Science & Engineering | Electronics & Communication Engineering | Electrical Engineering | Civil Engineering | Mechanical Engineering
Artificial Intelligence (A.I.) & Machine Learning (M.L.)
BBA, MBA
MBA Executive
BCA, MCA
INDUSTRY ASSOCIATED DUAL DEGREE PROGRAM
BPT, MPT
M.Sc. in Computer Science
Post Graduate Diploma in Yoga
MBA Hospital & Healthcare Management
Ph.D
Last Date to Apply: 15.07.2024
Entrance Test on: 22.07.2024
STUDY ABROAD PROGRAM
FACILITIES FOR STUDIES IN
USA, CANADA, UK, AUSTRALIA & SINGAPORE
UEM JAIPUR has Highest Funded Patents in Rajasthan from Govt. of India
One of the Best PLACEMENT RECORDS of the Country
Placements at UEM JAIPUR Continues till the last willing student is placed
NUMBER OF Students Placed 2375
NUMBER OF JOB OFFERS 3564+
COMPANIES VISITED 600+




5 LABORATORIES ESTABLISHED BY INDUSTRY
Academic Partners:
TCS TATA CONSULTANCY SERVICES, IBM, SAS, IIDE, CAMBRIDGE
FOREIGN UNIVERSITY COLLABORATIONS
MORE THAN 8000+ CERTIFICATION
HARVARD BUSINESS SCHOOL, edX, LinkedIn Learning, CAMBRIDGE, coursera



यू.ई.एम. जयपुर द्वारा राजस्थान की छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति योजना
PARTICIPATE IN OFFLINE IEMJEE 2024 EXAM
TO AVAIL EXCELLENT SCHOLARSHIPS
One of the Leading University for 6G Projects, Government of India
APPLY ONLINE: www.uem.edu.in
follow us:
Campus: 'Gurukul', Udaipuria Mod, Sikar Road, 6 Kms. from Chomu, Jaipur - 303807 (Raj.)
City Office: 210-212, IInd Floor, Apex Tower, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur | M: 9887933330
9887313330, 9887806930
9887413330, 9887613330

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
JAGRUK CITY
जागरूक सिटी
02
जयपुर, बुधवार
7 अगस्त - 13 अगस्त 2024
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ऑनलाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
jagrukjanta.net

# बीसलपुर बांध पर मेहरबान मानसून

## मंगलवार सुबह 311.20 आरएल मीटर पार पहुंचा जलस्तर



» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान के कई जिलों की लाइफलाइन कहे जाने वाले बीसलपुर बांध पर बीते 48 घंटे के दौरान मानसून एक बार फिर मेहरबान हो गया। मानसून की मेहरबानी के चलते बांध क्षेत्र में बीते 24 घंटे के दौरान 61 एमएम बारिश दर्ज की गई। पानी की आवक के बाद बीसलपुर बांध का जलस्तर मंगलवार सुबह 311.20 आरएल मीटर के पार पहुंच गया। बांध में 14.133 टीएमसी पानी भर गया है। बीसलपुर बांध का कुल जलभराव 315.50 आर एल मीटर है। अभी पानी की आवक जारी रहने की संभावना है। बांध में आया पानी जयपुर, अजमेर व टोंक जिले के साथ ही इन जिलों से जुड़े सैकड़ों गांव कस्बों में जलापूर्ति के लिए ढाई से तीन माह का अतिरिक्त पानी माना जा रहा है। हालांकि बांध के कैचमेंट एरिया में पड़ने वाले भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, अजमेर जिलों से अभी भी पानी की आवक नगण्य बनी हुई है। बांध में आया पानी निकटवर्ती पहाड़ी क्षेत्र के साथ ही करीबी गांवों में झमाझम बरसे मेघ की मेहरबानी से हुई है। उधर, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जयपुर जिले में कुल 32 बांध हैं, जिनमें से 18 बांध वर्तमान में पानी से भर चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि पूरे अगस्त महीने तक मानसून सरि य रहेगा, जिससे बांधों में पानी की आवक और बढ़ेगी। कई स्थानों पर बहाव क्षेत्र में किए गए अतिर मण भी हटा दिए गए हैं।

# जागरूक खबरें

## आज तीज पर जयपुर में आधे दिन का अवकाश घोषित

» जागरूक जनता @ जयपुर। हर बार की तरह इस बार भी जयपुर में तीज का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने तीज मेले के उपलक्ष्य में जयपुर शहर में 7 अगस्त को आधे दिन की छुट्टी घोषित कर दी। कार्यालय आदेश अनुसार, सरकारी कार्यालयों, राजकीय उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों की तीज के दिन आधे दिन की छुट्टी रहेगी। बता दें कि जयपुर में तीज का पर्व बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाता है। सैकड़ों सालों यहां सड़कों पर तीज माता की सवारी निकाली जाती है।

## थाईलैन्ड में इन्स्पायरिंग बिजनेस अवार्ड से सम्मानित हुए विजय स्वामी



» जागरूक जनता @ जयपुर। थाईलैन्ड में पटाया शहर के ग्रैन्ड प्लाजो होटल में वाधवान ग्रुप और नोसतोस क्रिएशन के संयुक्त तत्वाधान में इन्सपायरिंग बिजनेस अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रियल एस्टेट कम्पनी जयपुर होम्स के संस्थापक विजय स्वामी को फिल्म एक्ट्रेस मोनिका बेदी द्वारा इन्स्पायरिंग बिजनेस अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. ली कैट योन्ग, डॉ. एफेन्डी हेनसेन, लेन हॉवर्ड एवं एडवोकेट रोहित पान्डे सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से कमल वाधवान, मनीष गुप्ता और देवेश पंवार उपस्थित रहे।

## कैलाश चन्द मीणा RPSC के नए कार्यवाहक अध्यक्ष

» जागरूक जनता @ जयपुर। कार्मिक विभाग ने कैलाश चन्द मीणा को RPSC कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है। संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने ये आदेश जारी किए हैं। 2023 में RPSC सदस्य के रूप में पदभार ग्रहण किया था और जुलाई 2026 में मीणा का कार्यकाल पूरा होगा। आयोग अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय का कार्यकाल 1 अगस्त को समाप्त हुआ था और आयोग की वेबसाइट से उसी दिन उनका फोटो हटा दिया गया था। उम्मीद जताई जा रही थी कि राजभवन से आयोग अध्यक्ष और एक सदस्य के नाम की घोषणा होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# शिव महापुराण के साथ कलश यात्रा निकाली - साँचोरा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। विधाधर नगर में नवदिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ महामंडलेश्वर योगीराज जी श्री रघुवीर दास जी महाराज के मुखारविंद से होने जा रही है। महंत श्री रामानंद दास जी महाराज ने बताया कि मंगलमुखी श्री हनुमान जी महाराज आश्रम कृष्णा कॉलोनी नया खेड़ा में 6 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसके पोस्टर का विमोचन महामंडलेश्वर योगीराज श्री रघुवीरदास महाराज व भाजयमो महामंत्री मुकुल सिंह साँचोरा ने किया। श्री राम कृष्ण महिला मंडल द्वारा बेंड बाजा संग कलश यात्रा निकाली गयी। जगदम्बा कॉलोनी निवासी गोविंद खंडेलवाल परिवार ने शिवपुराण पुस्तिका की प्रभात फेरी निकाली।

# संत मेहरदास मंदिर में शिव-सती संगीतमय कथा का आयोजन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net



जयपुर। सावन मास के पवित्र महीने में कहीं भगवान भोले का अभिषेक हो रहा है तो कहीं शिव महापुराण की कथा का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी में मुरलीपुरा स्कीम स्थित संत बाबा मेहरदास मंदिर में शिव-सती कथा का संगीतमय आयोजन किया गया। कथा में कथावाचक योगेश्वर रामानुरागी ने अपनी मधुर वाणी से भगवान श्रीराम-लक्ष्मण जी को जंगल में सीता को खोजते हुए जो मोह व भ्रम हो गया था उस प्रसंग को सुनाया। श्रद्धालु शांत चित्त से इस प्रसंग को सुनकर भाव-विभोर हो गए। जिस समय कथा प्रसंग चल रहा था उस समय ऐसा लग रहा था, मानो सभी श्रोता प्रयाग राज में भारद्वाज ऋषि के आश्रम में कथा सुन रहे हों। इस दौरान कथावाचक योगेश्वर रामानुरागी ने बताया कि वे सिर्फ लोक कल्याणार्थ कथा सुनाते हैं। कोई आर्थिक उपार्जन का आशय नहीं है। कथा के दौरान लोकचंद हरीरामानी, रमेश कर्मचंदानी, नगेन्द्र वशिष्ठ, कन्हैयालाल, शिवदयाल मिश्रा, काशीनाथ दीक्षित, ओम, परमानन्द, पुष्पा वशिष्ठ, भूमि कृपलानी सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने शिव भक्ति की बही गंगा की धारा में डुबकी लगाई।

# सिख समाज का प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान-मुख्यमंत्री



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सिख धर्म हमें जीवन में सच्चाई, ईमानदारी और मेहनत को अपनाने की सीख देता है। यह सिद्धांत हमें आत्मनिर्भरता और कर्मठता का महत्व भी समझाता है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय द्वारा गुरूद्वारों में निःशुल्क भोजन सेवा उनके सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रदेश के विकास में भी सिख समाज का महत्वपूर्ण योगदान है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिख समाज से संबंधित बजट घोषणाओं के लिए आयोजित धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु नानकदेव जी ने जात-पात और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया और सभी मनुष्यों को एक समान बताया। सिख धर्म में स्त्रियों और पुरुषों के बीच समानता पर भी जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धर्म हमें दूसरों की रक्षा का पाठ भी पढ़ाता है। सिख योद्धाओं की वीरता और बलिदान इतिहास में अनमोल है। जब-जब भी देश पर आतातायियों का आक्रमण हुआ सिख समाज ने मजबूती के साथ उनका मुकाबला किया।



राज्य सरकार ने प्रदेश के बजट में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए घोषणाएं की हैं। प्रदेश के धार्मिक स्थलों के विकास के लिए भी इस बजट में प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली बाईपास स्थित तेग बहादुर साहिब गुरुद्वारा-जयपुर तथा बुड्ढा जोहड़ गुरुद्वारा-अनूपगढ़ में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विकास कार्य करवाए जाएंगे। सिख गुरूओं ने अपनी वाणी से समाज के वंचित और असहाय वर्ग की सेवा का संदेश दिया है।

उनके संदेश को अपनाते हुए हमें आस-पास के ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक सरोकार में भागीदारी करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें प्रेरणा दी है। उनके द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 7 अगस्त को प्रदेश में 1 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। शर्मा ने सिख समाज के लोगों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

# निधि ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीता गोल्ड



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

जयपुर। केशव विद्यापीठ समिति जामडोली जयपुर द्वारा संचालित ब्रह्मचारी श्री रामानुजाचार्य कन्या उच्च मा. विद्यालय की छात्रा निधि कल्याणी, कक्षा 8 ने वेस्ट इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 क्लासिक द्वारा चित्तौड़गढ़ में आयोजित नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि छात्रा निधि कल्याणी ने 47 किग्रा भार वर्ग से भाग लेकर 157.5 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल प्राप्त कर क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

# आईआईएस और कोरिया की येयुंगनाम यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने मंगलवार को कोरिया गणराज्य के येयुंगनाम यूनिवर्सिटी के साथ विभिन्न गतिविधियों के लिए शिक्षा, अनुसंधान और सहयोग को बढ़ावा देने और बढ़ाने के मकसद से एक एमओयू साइन किया है। कोरिया गणराज्य के येयुंगनाम यूनिवर्सिटी के सहायक प्रो. डॉ. राकेश भास्कर के साथ हुई एक बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। आईआईएस यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. टीएन माथुर और डॉ. राकेश भास्कर ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर आईआईएस यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता समेत साइंस संकाय के प्रो. पीजे जॉन और साइंस डिपार्टमेंट्स के डायरेक्टर्स और हेड मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के धनवंतरी उपवन में हुआ पौधरोपण

# प्रकृति को बचाने के लिए हमें पर्यावरण को संतुलित करना बहुत जरूरी है-गोपेश मंगल

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



जयपुर। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के पंचकर्म विभाग द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के जग्गा की बावड़ी धनवंतरी उपवन के हर्बल गार्डन में किया गया, जहां संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक, विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में पौधरोपण किया।

इस अवसर पर पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ गोपेश मंगल ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए हमें पर्यावरण को संतुलित करना बहुत जरूरी है, इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधों को लगाना होगा। विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए इन औषधीय पौधों से कई प्रकार की औषधियां मिलेगी जो आयुर्वेद में पंचकर्म चिकित्सा के साथ अन्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में आमजन के स्वास्थ्य एवं उपचार के उपयोग में ली जाएगी।

धनवंतरी उपवन के प्रभारी डॉ सुमित नत्थानी ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में कम से कम 5 पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा बड़ी संख्या में निर्गुंडी, सप्तपर्ण, अश्वगंधा, गंभारी, गिलोय के साथ विभिन्न प्रजाति के औषधीय पौधों को लगाया गया। कार्यक्रम में डॉ सर्वेश सिंह, डॉ क्षिप्रा राजोरिया, डॉ विपिन तंवर, डॉ वैभव बापट, डॉ अन्नुश्री डी, डॉ लोकेश महेंद्र एवं पंचकर्म विभाग के पीजी, पीएचडी विद्यार्थियों ने औषधीय पोधों की जानकारी लेने के साथ लगाए गए पौधों के देखभाल करने और सुरक्षा की शपथ ली।



## जागरूक खबरें

### बंद नहीं की जाएंगी विद्यार्थी हित में शुरू की गई योजनाएं



**जयपुर।** कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार पर उनके कार्यकाल में प्रदेश में शुरू की गई योजनाओं को बंद करने का आरोप लगा रही है। वहीं विधानसभा में सोमवार को सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत ने साफ किया कि हम किसी भी ऐसी योजना को बंद करने की मंशा नहीं रखते, जो विद्यार्थियों के हितों के लिए शुरू की गई है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना को लेकर मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि योजना के तहत अधिकतम विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से राज्य सरकार योजना को और बेहतर तरीके से लागू करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ऐसी किसी भी योजना को बंद करने की मंशा नहीं रखती है जो राजस्थान के विद्यार्थियों के हित में हो। मंत्री अविनाश गहलोत प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना शुरू की गई है। जिसके तहत पहली बार 10 हजार विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का प्रावधान किया गया। इसके बाद प्रतिवर्ष विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाकर 15 हजार और फिर 30 हजार किया गया।

### खाद्य सुरक्षा के लिए ई-केवाईसी 15 तक होगी



**जयपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राजस्थान के चयनित सभी लाभार्थियों को 15 अगस्त 2024 तक ई-केवाईसी करवाना आवश्यक है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्देशों की अनुपालना में यह केवाईसी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी उचित मूल्य की दुकान पर व्यक्तिशः जाकर ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें।

### ई-मित्र पर बनेंगे प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड



**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं भारत सरकार के निर्देशों की अनुपालना में राजस्थान के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन प्रवासी श्रमिकों का राशन कार्ड नहीं बना है, वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के ई-श्रम कार्ड तथा आधार कार्ड के साथ अपने नजदीकी ई-मित्र पर जाकर राशन कार्ड बनवा सकते हैं।

### मंजू शर्मा ने पीएम के समक्ष पेश की महिला स्वावलंबन की कार्ययोजना



**जयपुर।** सांसद मंजू शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की ।इस दौरान उन्होंने देश और प्रदेश से जुड़े कई अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा की । सांसद मंजू शर्मा ने जयपुर को महिला रोजगार एवं स्वावलंबन का एक आदर्श मॉडल बनाने के लिए अपनी कार्य योजना भी पीएम के सामने प्रस्तुत की जिसे पीएम मोदी ने काफी सराहा और इस कार्य में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद शर्मा ने महिलाओं के विकास, स्वावलंबन और रोजगार को लेकर चलाई जा रही केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रदेश में क्रियान्विति के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जानकारी दी । उन्होंने पीएम मोदी को यह भी बताया कि किस तरह से पूर्ववर्ती कांग्रेस की गहलोत सरकार ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए प्रदेश की जनता के साथ छलावा किया और महिला सशक्तिकरण में रोड़े अटकाए। प्रधानमंत्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए भारत सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कैसे किया जाए इस संबंध में मार्गदर्शन भी दिया। इस मुलाकात के बाद सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने के लिए बनाई गई योजनाएं और पीएम के विचार हमारे आदर्श और प्रेरणा है।

### 43 सहायक अभियंता पदों पर होगी भर्ती

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सोमवार को राजस्थान राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के अन्तर्गत सहायक अभियंता के कुल 1014 पद तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के लिए सहायक सांख्यिकी अधिकारी के 43 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया। शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य जानकारी संबंधी विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन 12 अगस्त से 10 सितंबर 2024 एवं सहायक अभियंता के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से 12 सितंबर 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे।

### आंगनबाड़ी : भवन निर्माण के लिए सरकार प्रयासरत

**जयपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए पंचायतीराज, स्थानीय निकाय एवं राजस्व विभाग से निःशुल्क भूमि आंवटन के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि वर्तमान में बारां जिले के 1010 एवं झालावाड़ जिले के 532 आंगनबाड़ी केन्द्र विद्यालयों, अन्य सरकारी भवनों एवं किराये के भवनों में संचालित किये जा रहे हैं। बारां एवं झालावाड़ जिले में स्वीकृत कुल 3 हजार 145 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 3 हजार 143 केंद्र संचालित है।

**# Vidhan Sabha : विस में हंगामे के बीच कांग्रेस विधायक खड़िया की तबीयत बिगड़ी**

# विस अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**राजस्थान** विधानसभा में कांग्रेस विधायकों के धरना प्रदर्शन के दौरान विधायक रमिला खड़िया की तबियत खराब हो गई। इसके बाद स्पीकर ने सदन में डॉक्टर बुलाया और कार्यवाही आधा घंटे के लिए स्थगित कर दी।

कार्यवाही स्थगित होने के बाद सदन में डॉक्टर को बुलाया गया। सोमवार से धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर का निलंबन रद्द करने पर अड़े हैं। वहीं कानून मंत्री जोगाराम पटेल का इस्तीफा भी मांग रहे हैं। हंगामे और नारेबाजी के बीच कांग्रेस विधायक रमीला खड़िया की तबीयत बिगड़ गई। इस बीच स्पीकर ने आधे घंटे के लिए 12.16 तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

विपक्ष की नारेबाजी पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने कहा है कि पहले निलंबित विधायक को बाहर भेजिए और प्रश्न कल चलने दीजिए फिर बात सुनी जाएगी। विधानसभा में गतिरोध दूर करने के लिए कल संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने एक बार नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ विधायकों से चर्चा की थी। लेकिन बात नहीं बनी। गतिरोध दूर नहीं होने के कारण धरना जारी है। विधानसभा में भारी हंगामे के बीच मुकेश भाकर को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने भाकर को छह महीने के लिए सस्पेंड करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे मंजूर कर दिया गया। भाकर को निलंबित करने के बाद सदन में राष्ट्रगान करवाकर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

# छात्रसंघ चुनाव : छात्र संगठनों का प्रदर्शन, बोले- सरकार जल्द करें तारीखों का ऐलान

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र संगठनों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। प्रदेश के सभी जिलों में चुनाव करवाने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन हो रहा है। राजस्थान यूनिवर्सिटी में विभिन्न छात्र संगठनों ने बड़ा आंदोलन करते हुए तारीख का ऐलान करने की मांग की है। इस प्रदर्शन में NSUI, RLP, निर्दलीय समित विभिन्न छात्र संगठनों के स्टूडेंट भाग ले रहे हैं।

यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कैंपस के सभी ब्लॉक को बंद करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले छात्र नेताओं ने एडम ब्लॉक को बंद कर ताला जड़ दिया और इसके बाद कुलपति सचिवालय को बंद करते हुए फाइनेंस ऑफिस को भी बंद करवा दिया। बड़ी संख्या में छात्र यूनिवर्सिटी कैंपस में रैली निकाल रहे हैं। छात्र नेताओं का कहना है कि भाजपा सरकार छात्र विरोधी है। भाजपा नेता विधानसभा चुनाव से पहले छात्र संघ चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। आज मुख्यमंत्री से लेकर सरकार के तमाम मंत्री छात्र संघ चुनाव पर बात भी नहीं कर रहे है। छात्र नेता शुभम रेवाड़ ने कहा- भाजपा सरकार छात्र संघ चुनाव नहीं करना चाहती। छात्रसंघ चुनाव देश का एकमात्र ऐसा चुनाव होता है, जहां सभी मतदाता साक्षर होते हैं। सरकार पढ़े-लिखे लोगों को ही अपने मत का प्रयोग करने से रोक रही है। छात्र संघ चुनाव आम छात्रों की आवाज है। पूर्व गहलोत सरकार ने पिछले साल चुनाव स्थगित करने का फैसला किया था। इसके बाद प्रदेश भर में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया, लेकिन सरकार ने चुनाव नहीं करवाए।

**विधानसभा में पक्ष-विपक्ष में जमकर तकरार**

# सरकारी वकीलों की नियुक्ति पर हंगामा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

विधानसभा में सोमवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हुई। सरकारी वकीलों की नियुक्ति पर नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता लागू हो चुकी है, लेकिन सरकार ने 12 से ज्यादा सरकारी वकीलों की नियुक्ति सीआरपीसी के तहत कर दी। ये संविधान का उल्लंघन है। मंत्री के बेटे को भी सरकारी वकील बना दिया है। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष को अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष की स्पीकर से नोकझोंक हो गई। नाराज कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। स्पीकर ने कहा कि नियमों में आइए, कल व्यवस्था दूंगा। हंगामे के बीच ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर मंत्रियों ने जवाब दिए।



### स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी लेकर आएंगे

भाजपा विधायक देवेंद्र जोशी के सवाल के जवाब में खेल और युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा संस्थान सरकारी शारीरिक शिक्षा कॉलेज में ही चल रहा है। इस को पिछले साल ही शुरू किया गया था। इसके पीछे सोच ठीक थी, लेकिन यह संस्थान डिप्लोमा दे रहा है। हम महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी लेकर आ रहे हैं, जिसमें डिग्री और डिप्लोमा सब दिए जांएगे।

### पांडुपोल मंदिर तक सड़क बनेगी

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक कांतिप्रसाद मीणा और वन मंत्री संजय शर्मा ने एक दूसरे पर तंज कसे। कांग्रेस विधायक ने कहा कि सरकार मंदिरों के नाम पर बनी है, पांडुपोल हनुमान मंदिर तक अच्छी सड़क क्यों नहीं है। इस पर वन मंत्री संजय शर्मा ने जवाब देते हुए कहा कि संरक्षित वन क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों तक इलेक्ट्रिक बस सुविधा से जोड़ा जाएगा। पांडुपोल के हनुमान मंदिर अच्छी सड़क बनेगी।

## अब राजस्थान में बिजली के बिलों में फिर होगी बढ़ोतरी

**जयपुर।** बिजली के बिलों के लिए कांग्रेस को कोसने वाली भाजपा अब सरकार में आते ही उसी राह पर चल पड़ी है। यही नहीं सरकार ने गहलोत राज में शुरू की गई 100 यूनिट बिजली निशुल्क देने की योजना को भी बंद करने की कवायद कर ली है। इसके साथ ही फिर से उपभोक्ताओं की कमर तोड़ने के लिए बिजली के बिलों में और बढ़ोतरी करने की तैयारी कर ली है। राजस्थान के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने तो अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए सारा ठीकरा पूर्ववती कांग्रेस सरकार पर ही फोड़ दिया। उनका कहना है कि पिछली कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधन के चलते बिजली उत्पादन की कीमत बढ़



गई है। इसका बोझ भी आम उपभोक्ता पर ही पड़ने वाला है। लेकिन इसकी जिम्मेदार पिछली कांग्रेस सरकार होगी। नागर ने कहा कि बिजली कंपनियों की फिक्स और वेरिबल कोस्ट होती है। कांग्रेस सरकार ने महंगा और इम्पोर्टेड कोयला खरीदा। इससे वेरिबल कोस्ट बढ़ी। वहीं, गहलोत सरकार ने रबी की फसल के समय जो बिजली बैंकिंग से उधार ली थी। वो बिजली हमें महंगे दामों में खरीदकर लौटानी पड़ रही है।

## खाली सीट पर हो पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट

**जयपुर।** जॉइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी के बाद देश की एनआईटी, ट्रिपल आईटी व जीएफटीआई के 98 संस्थानों की 13466 खाली सीटों के लिए कराई जा रही सेंट्रल सीट एलोकेशन बोर्ड की काउंसलिंग शुरू हुई है। इस काउंसलिंग का पहला राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया है। इसमें जिन कैंडिडेट को प्रथम राउंड में पहली बार किसी भी कॉलेज सीट का आवंटन हुआ है, उन्हें 7 अगस्त तक बजे तक इंस्टिट्यूट एडमिशन फीस जमा कर डाक्यूमेंट्स अपलोड कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग करनी होगी। यह इंस्टिट्यूट एडमिशन फीस सामान्य व ओबीसी के लिए 35 हजार और एससी व एसटी के लिए 12 500 रुपए रखी है। ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान इंस्टिट्यूट एडमिशन फीस जमा करवाकर डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के बाद अपनी आवंटित सीट का कनफर्मेशन लेना होगा।

## विधानसभा में गूंजा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

शहर की विभिन्न सरकारी भूमियों पर अवैध अतिक्रमण का मामले की गूंज अब विधानसभा में भी सुनाई दी। उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर सरकारी भूमियों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। नगरीय विकास राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सोमवार को यह जानकारी दी है। खर्रा शून्यकाल के दौरान विधायक बालमुकुंदाचार्य की ओर से ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए सवाल पर जवाब दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की जांच के लिए मुख्य सतर्कता आयुक्त एवं गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपनी देखरेख में एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन करेंगे। जो अतिक्रमणों का चिह्निकरण कर 2 माह में जांच कर दोषी अधिकारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर अतिक्रमण हटाने के साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि जयसिंहपुरा खोर के पटवार सर्किल में लगभग 18 वर्षों से पदस्थापित पटवारी जो विभिन्न गृह निर्माण सहकारी समितियों से मिलीभगत कर पट्टे जारी करवाकर अतिक्रमण करवाता है तथा इसकी रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारी को प्रेषित नहीं करता है, उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर वहां नए पटवारी का पदस्थापन किया जाएगा।

### राठौड़ ने मांगा मिशन शक्ति का ब्योरा



**जयपुर।** केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई मिशन शक्ति योजना पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष सांसद मदन राठौड़ ने राज्यसभा में सवाल लगाया। राठौड़ ने मिशन शक्ति योजना को लेकर राजस्थान राज्य का 2021 से लेकर 2023-24 तक का ब्योरा मांगा। जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान राजस्थान सहित संपूर्ण देश में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला स्कीम के रूप में एक्रीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मिशन शक्ति शुरू किया गया।

### पंप भंडारण के लिए सरकार लाएगी नीति

**जयपुर।** प्रदेश को साल 2027 तक ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने कार्ययोजना बनाई है। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इस लक्ष्य की प्राप्ति में नवीकरणीय ऊर्जा का अहम योगदान है, इसलिए राज्य सरकार प्रदेश में पंप भंडारण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के लिए नीति लाने जा रही है। इस नीति के तहत निवेशकों को अनुकूल वातावरण मिलेगा, इसके साथ नवीकरणीय ऊर्जा को भी प्रोत्साहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि आगामी नीति से निवेशकों को पंप भंडारण परियोजनाओं की स्थापना और संचालन के संबंध में स्पष्ट मार्गदर्शन मिलेगा और वे इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए आकर्षित होंगे।

## हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट की डेडलाइन 10 को समाप्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगाने की डेडलाइन 10 अगस्त को पूरी हो रही है। अंतिम तारीख में पांच दिन शेष हैं, लेकिन दिसंबर 2023 से 31 जुलाई 2024 तक 8 महीने की अवधि में केवल 7.27 लाख वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लग पाई हैं। अभी भी लाखों वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगना बाकी है। यह एचएसआरपी वाहन मालिकों के लिए ही नहीं, बल्कि परिवहन विभाग के लिए भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि महज पांच दिनों में इतनी बड़ी संख्या में वाहनों पर एचएसआरपी लगाना आसान काम नहीं है। परिवहन विभाग की ओर से पूर्व में कई बार वाहन मालिकों को एचएसआरपी लगवाने की तारीखें बढ़ाई जा चुकी हैं। एचएसआरपी के बिना वाहनों का चालान किया जाएगा।

### 10 अगस्त से पहले की स्लीप भी होगी मान्य



हाई सिक्योरिटी प्लेट लगवाने के लिए वाहन मालिक सीआएम (एसआईएएम) पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करें। हालांकि, पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के बाद वाहन मालिकों को नंबर प्लेट लगवाने के लिए आगे की तिथि मिल रही है, लेकिन चेकिंग के दौरान व्यक्ति यदि अपना रजिस्ट्रेशन स्लिप दिखाता है, तो परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की ओर से उसे मान्य माना जाएगा।

**इतिहासकार और व्यापार महासंघ ने विधायक की मांग से जताई असहमति, दिए कई तरह के तर्क**

# विधायक ने उठाई एमआई रोड का नाम बदलने की मांग

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

18 नवंबर, 1727 को बसे जयपुर शहर की खूबसूरती पूरी दुनिया में मशहूर है। जयपुर शहर का सबसे व्यस्त और लंबा बाजार एमआई रोड भी अपने दामन में खूबसूरती, इतिहास और वास्तुकला को समेटे हुए है। अब सिविल लाइन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने इस सड़क का नाम बदलने की मांग की है। बीते दिनों विधानसभा में बोलने के बाद वे लगातार इस बात का जिक्र कर रहे हैं और मिर्जा इस्माइल रोड का नाम गोविंद देव मार्ग करने की मांग कर रहे हैं।





### इन जगहों के नाम बदलने की भी मांग

विधायक गोपाल शर्मा ने एमआई रोड के साथ ही रामगंज को प्रभु रामगंज, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम को सवाई रामसिंह संग्रहालय, किंग एडवर्ड मेमोरियल यादगार को गिरधारीलाल भार्गव भवन, चौगान स्टेडियम को भंवरलाल शर्मा स्टेडियम और सिविल लाइंस से जुड़े हटवाड़ा को हरिपुरा, हसनपुरा को संत रविदास नगर और भारत जोड़ो सेतु का नाम बदलकर विकसित भारत सेतु किए जाने की मांग उठाई। वहीं उन्होंने कहा कि भट्टा बस्ती को संत कबीर बस्ती किया जाना चाहिए।

### व्यापारी कहिन...

एमआई रोड व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुरेश सैनी ने कहा कि इस सड़क की पहचान वैश्विक स्तर पर है। बाहर से जयपुर आने वाले लोग एमआई रोड पर खरीदारी जरूर करते हैं। आजादी के पहले से ही राजधानी की एमआई रोड की अपनी एक पहचान है। नया नाम देने से कुछ फायदा नहीं होगा।

### मैसूर शहर की तर्ज पर हुआ एमआई रोड का निर्माण

24 अक्टूबर, 1883 को जन्में मिर्जा इस्माइल ने मैसूर शहर की तर्ज पर और लंदन की एक गली से प्रेरणा लेकर इस खूबसूरत बाजार का निर्माण कराया था। मौजूदा पुलिस कमिश्नरेट की जगह पर किसी वक्त एक पारसी का होटल हुआ करता था। मिर्जा इस्माइल ने महाराजा मानसिंह से इजाजत लेकर इस होटल का अधिग्रहण कर यहां प्रशासनिक भवन बनाया। कहा जाता है कि जब मिर्जा इस्माइल जयपुर छोड़कर जाने की तैयारी कर रहे थे तब महाराजा मानसिंह ने उन्हें जयपुर छोड़कर जाने से रोकने के लिए नई सड़क बनाने का काम सौंपा। मानसिंह ने इस सड़क को अपनी निगरानी में बनवाया और इसका नामकरण मिर्जा इस्माइल रोड कर दिया।

### इतिहासकारों ने ये दिए तर्क

इतिहासकार देवेंद्र कुमार भगत कहते हैं कि वर्ष 1943 में तैयार हुई मिर्जा इस्माइल रोडवजूद में आने से पहले अजमेर की ओर रुख करने के कारण, अजमेर रोड नाम से जानी जाती थी। जब इस जगह पर निर्माण खड़े किए गए तो राजा मानसिंह के नाम पर इस सड़क के नामकरण का सुझाव दिया गया था, लेकिन मिर्जा इस्माइल के नाम पर राजा मानसिंह ने इस सड़क का नामकरण कर दिया था। जबकि मिर्जा ने इसका नाम एसएमएस हाइवे रखने का सुझाव दिया था।

## सम्पादकीय

# सभी को मिले लाभ

सुप्रीम कोर्ट ने SC/ST आरक्षण में उपश्रेणियां बनाने की अनुमति दी, जिससे अधिक पिछड़ी जातियों को लाभ मिले। 2004 के ईवी चिन्नैया निर्णय को पलटते हुए, कोर्ट ने डेटा के आधार पर उप-वर्गीकरण की शर्त रखी। छह न्यायाधीशों के बहुमत से दिए इस फैसले में विभिन्न सुझाव भी सामने आए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए आरक्षण की व्यवस्था से जुड़े एक मामले में गुरुवार को फैसला दिया कि राज्य सरकारें इन श्रेणियों में उपश्रेणियां बना सकती हैं ताकि इनमें ज्यादा पिछड़ी जातियों के लिए सब-कोटा निर्धारित किया जा सके। यह फैसला कई बिल्कुल अलग-अलग वजहों से अहम माना जा रहा है। यह इस सवाल से जुड़ा है कि SC/T के तहत आने वाले समूहों को एक समान माना जाना चाहिए या नहीं। 2004 में चर्चित ईवी चिन्नैया मामले में सुप्रीम कोर्ट की 5 सदस्यों की पीठ ने फैसला दिया था कि इन कैटिगरी में सब-कैटिगरी नहीं बनाई जा सकती। मगर सात सदस्यों की बेंच ने ताजा फैसले में इसे पलट दिया। चूंकि इस सवाल पर देश में अलग-अलग और काफी तीखी राय देखी जाती रही है, इसलिए फैसले के संभावित असर को लेकर कयासबाजी शुरू होना स्वाभाविक है। सच यही है कि रिजर्वेशन की व्यवस्था का फायदा भी SC/ST कैटिगरी के तहत आने वाली सभी जातियां समान रूप से नहीं उठा सकीं। ताजा फैसला इस सचाई को स्वीकार करते हुए राज्य सरकारों के लिए यह गुंजाइश बनाता है कि वे इस व्यवस्था का फायदा उन तबकों तक पहुंचाने की व्यवस्था करें जिन तक यह ठीक से नहीं पहुंचा है। अच्छी बात यह है कि कोर्ट ने उन आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया, जो इस फैसले से जुड़ी हैं। फैसले में साफ कर दिया गया है कि किसी भी तरह का उप-वर्गीकरण स्पष्ट और भरोसेमंद डेटा के ही आधार पर किया जा सकता है। देखा जाए तो इस शर्त के जरिए फैसले का संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करने की संभावित कोशिशों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। यह फैसला इस लिहाज से भी याद रखा जाएगा कि मसले की जटिलता की झलक पीठ के सदस्यों की अलग-अलग राय में भी मिलती है। ऐसे उदाहरण कम मिलते हैं कि 6:1 के बहुमत से दिए गए फैसले में भी छह ओपिनियन सामने आएं। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी तो बहुमत की राय से असंतुष्ट रहीं, लेकिन जो छह जज बहुमत की राय से सहमति रखते हैं, उनके भी पांच अलग-अलग फैसले आए। इनमें क्रीमी लेयर को SC/ST पर भी लागू करने और आरक्षण को एक पीढ़ी तक सीमित करने जैसे अलग-अलग तरह के कई सुझाव दर्ज हुए। साफ है कि कानून के लिहाज से बहुमत का फैसला ही मान्य होगा, लेकिन पीठ के सदस्यों के वैयक्तिक फैसलों में जाहिर हुए ये सुझाव आगे विमर्श की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। कुल मिलाकर, फैसला न सिर्फ पॉलिसी के लेवल पर महत्वपूर्ण दखल है बल्कि आरक्षण जैसे मसले पर भविष्य के लिए दिशासूचक का भी काम कर सकता है।

**संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक धरती पर हर दूसरा इंसान पानी की गंभीर किल्लत झेल रहा है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि 2002 से 2021 के बीच दो दशकों में 1.4 अरब लोगों पर सूखे की मार पड़ी और 21,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।**

# बारिश के बावजूद बरकरार है जल संकट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**देश के अधिकांश जिलों में भूमिगत जल तेजी से खत्म होता जा रहा है। देश के अनेक इलाकों में भूगर्भ जल स्तर डार्कजोन की स्थिति में आ गया है, जहां पर शासन की अनुमति के बिना सिंचाई के लिए भी बोरिंग नहीं करा सकते हैं।**



हाल के दौर में देश के ज्यादातर राज्यों में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया और जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती रही, उसी के साथ जल संकट भी अपना विकराल रूप दिखाने लगा। इस दौरान देश में अलग-अलग हिस्सों में पानी की कमी की खबरें अखबारों और मीडिया की सुर्खियां बनती रहीं और ज्यादातर लोगों की यही प्रतिक्रिया रही कि गर्मियां शुरू होते ही हर वर्ष पानी की समस्या अब एक आम बात हो चली है। और यह स्थिति तब है, जबकि कुछ ही दिनों के बाद वर्षा शुरू होते ही देश के कई हिस्सों में बाढ़ और जल प्लावन की खबरें भी सामने आने लगी हैं। देश के कई हिस्सों में नदियां उफनकर उपना रौद्र रूप दिखाते हुए सब कुछ बहा ले जाने को आमादा होती हैं। इससे स्पष्ट तौर पर यह बात शीशे की तरह साफ हो जाती है कि देश में पानी की कमी की समस्या नहीं, बल्कि पानी के समुचित नियोजन की कमी साफ तौर पर नजर आती है।

एक अध्ययन के अनुसार, साल 2002-2021 के दौरान देश भर में भूजल में 95 प्रतिशत की कमी उत्तर भारत में दर्ज की गई। उत्तर भारत में लगभग 450 क्यूबिक किमी भूजल नष्ट हो गया है। शोधकर्ताओं ने शोध के हवाले से चेतावनी देते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन आने वाले सालों में इसकी कमी को और तेज कर देगा। अध्ययन में कहा गया है कि भविष्य में बारिश में वृद्धि होने पर भी यह पहले से गिर चुके जलस्तर की पूरी तरह भरपाई करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। जलवायु परिवर्तन के कारण मॉनसून के मौसम के दौरान बारिश की कमी और उसके बाद गर्म होती सर्दियों के कारण भूजल के फिर से भरने में लगभग छह से 12 प्रतिशत की गिरावट आने का भी अनुमान है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि भारत में भूजल की कमी तब तक जारी रहेगी, जब तक जमीन से निकाले जाने वाले अत्यधिक पानी को सीमित नहीं किया जाता, जिससे भविष्य में जमीनी पानी की कमी से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होंगी। दोबारा नहीं भरे जाने के कारण भूजल भंडारण पर भारी प्रभाव पड़ रहा है, जिससे जल स्तर गिर रहा है। देश के कई राज्य ऐसे हैं जहां वर्षा की स्थिति अच्छी होने के बावजूद भी भूगर्भ जल का स्तर 1000 फीट से लेकर 1500 फीट नीचे तक पहुंच गया है। विडंबना की बात यह है कि इस स्तर पर भी पानी की बहुतायत न होकर पानी की कमी और खारे पानी जैसी समस्याएं देखी जा रही हैं। देश के कई राज्य और उसके अधीन आने वाले जिलों में औसत वर्षा अच्छी होने के बावजूद भी जलस्तर नीचा ही नहीं बल्कि गर्मियां शुरू होते ही पानी का संकट शुरू हो जाता है। ऐसा किसलिए है यह बात आसानी से समझी जा सकती है। यदि किसान-आम जन भूगर्भ जल का समुचित उपयोग करने के साथ ही वर्षा जल के संचय और नियोजन की तरफ ध्यान दें तो इस समस्या पर काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। गौरतलब है कि सबसे ज्यादा पानी की आवश्यकता खेती में सिंचाई के लिए होती है, उसके बाद उद्योगों और पेयजल का नम्बर आता है।

जयपुर के मालवीय नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सिविल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर रोहित गोयल ने अपनी हालिया एक स्टडी में जलसंकट के आसन्न खतरों की तरफ इशारा करते हुए चेतावनी दी है कि जयपुर पर भी अब गंभीर जल संकट का साया मंडरा रहा है। हाल के वर्षों में, रिपोर्टों ने विभिन्न शहरी केंद्रों के लिए जलसंकट और संभावित 'डे जीरो' संकट को उजागर किया है। 'डे जीरो' शब्द पहली बार अप्रैल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन में पानी के संकट के दौरान चर्चा में आया। यह उस महत्वपूर्ण बिंदु का प्रतिनिधित्व करता है जब किसी शहर या क्षेत्र का जल भंडार खतरनाक स्तर तक गिर जाता है। यह स्थायी जल प्रबंधन और संरक्षण प्रयासों की आवश्यकता की एक स्पष्ट चेतावनी है। भारत भी पानी की चुनौतियों का सामना कर रहा है। बेंगलुरु में चल रहे संकट का अभी तक कोई स्पष्ट समाधान नहीं निकला है।


दुनिया के सबसे अधिक वर्षा वाले प्रमुख शहरों में से एक चेन्नई को भी हाल के वर्षों में जलसंकट से जूझना पड़ा। जयपुर पर भी यही खतरा नजर आ रहा है। जनवरी 2024 की न्यूज रिपोर्टों में शहर में स्थानीय पानी की कमी को दिखाया गया है। शहरी क्षेत्रों में पानी के संकट में कई कारक योगदान करते हैं, जैसे शहरों का अभूतपूर्व विकास, जो अक्सर बुनियादी ढांचे के विकास से आगे निकल जाता है। अपर्याप्त शहरी नियोजन भी पानी की कमी को बढ़ा देता है, खासकर जब कार्यान्वयन में कमी होती है। तीसरा, अकुशल वितरण नेटवर्क और पुरानी जल आपूर्ति प्रणालियां उच्च नुकसान और संसाधनों पर दबाव डालती हैं।

गोयल कहते हैं कि वर्षा जल संचयन की व्यवस्था तो है, लेकिन रख-रखाव में कमी के कारण वह पूरी तरह से कारगर नहीं है। जयपुर में उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने से पहले ही पानी की बर्बादी अन्य भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शहरों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। मानसरोवर इलाके में चलाई गई एक सफल परियोजना ने पानी की बर्बादी को काफी कम कर दिया था, लेकिन पूरे शहर में इस मॉडल को लागू नहीं किया गया है। आम लोगों को अभी भी पानी बचाने के तरीकों और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता की कमी है। जागरूकता बढ़ाकर, पानी बचाने के टिकाऊ उपाय अपनाकर और मौजूदा बुनियादी ढांचे में सुधार करके जयपुर इस संकट को टाल सकता है और उसे टालना भी चाहिए। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत में भूजल की कमी तब तक जारी रहेगी, जब तक जमीन से निकाले जाने वाले अत्यधिक पानी को सीमित नहीं किया जाता। ट्यूबवेल की गहराई को सीमित करना और पानी निकालने की लागत को शामिल करना पानी के गहरे स्रोतों के अतिदोहन को रोकने के लिए फायदेमंद है। साथ ही, दुनिया भर में औसत तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित करने से उत्तर भारत में भूजल भंडारण में फायदा हो सकता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# अमरनाथ यात्रा - मुश्किलों पर भारी आस्था का ज्वार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



मंजू माहेश्वरी
पत्रकार
@jagrukjanta.net



जिस यात्रा को करने से 23 तीर्थों का पुण्य हासिल होता है, जिस यात्रा में अमरनाथ गुफा में बने शिवलिंग के दर्शन करने से मोक्ष मिलता है, जिस यात्रा से काशी में लिंग दर्शन और पूजन से दस गुना, प्रयाग से सौ गुना और नैमिषारण्य तीर्थ से हजार गुना अधिक पुण्य मिलता है- ऐसी अमरनाथ यात्रा को पूरा करने का सौभाग्य भी बहुत कम लोगों को मिलता है। इस बार कुदरत की कुछ ऐसी कृपा रही कि सालों से मन में दबी यह कामना पूरी हो गई। कठिन रास्तों और बेहद मुश्किल मौसम के बावजूद बाबा अमरनाथ के दर्शन करने का आनंद मिला। बाबा बर्फानी और पवित्र गुफा के दर्शनों की आस लिए बुलंद हौसलों के साथ आस्था के समंदर में डुबकी लगाते रहे और कदम-कदम पर सामने आने वाली मुश्किलों को सहन करते हुए आगे बढ़ते रहे। हमेशा लोग यही कहते सुनाई देते हैं-भोले बाबा का सहारा है, बर्फानी बाबा ही पार लगाएंगे यानी रास्ते में बाधाएं तो खूब होंगी, पर वही ऊपर वाला हौसला और हिम्मत देगा।

अमरनाथ यात्रा दो ट्रैक से शुरू होती है। पहला मार्ग अनंतनाग जिले में 48 किलोमीटर नुनवान-पहलगाम-चंदनवाड़ी से है। लिद्दर नदी के किनारे बसा छोटा-सा कस्बा है पहलगाम। चंदनवाड़ी से 13 किलोमीटर दूर शेषनाग है। यहां की शेषनाग झील का सौंदर्य अद्भुत है, जहां हिम मिश्रित जल से स्नान करने से सारी थकान दूर हो जाती है। दूसरा रास्ता है 14 किलोमीटर बालटाल मार्ग वाला रास्ता, जो ऊंचे- नीचे, तंग पहाड़ी इलाके से होकर जाता है। यह रास्ता छोटा है, पर है मुश्किलों भरा। हेलीकॉप्टर से पंचतरणी जाने वाले भी आगे 6 किलोमीटर के ट्रैक में बालटाल वाले रास्ते से मिल जाते हैं। पंचतरणी नदी (जो पांच नदियों का संगम है) पूरे रास्ते उफन -उफन कर अपनी आवाज से आपका ध्यान आकर्षित करती है।

सभी रास्तों में पहाड़ों से निकल बहते झरने, चांदी- सी चमकती जलधाराएं, तो कहीं शोर मचाती, अट्टहास करती बहती नदियां। बीच-बीच में कहीं बर्फ के भारी बड़े-बड़े ग्लेशियर अभी भी मौजूद हैं, जो जरा भी नहीं पिघल रहे। ऊंचे- ऊंचे, छोटे- बड़े, नीले-काले, आगे- पीछे की पहाड़ियों के पीछे दूर नजर आती बर्फ की पहाड़ियां, इतने मनोरम दृश्य मौजूद हैं कि कुछ पल बैठकर इन्हें निहारते रहो, असीम ऊर्जा और मन शक्ति अपने में भर लो और फिर से आगे चलने के लिए तैयार हो जाओ। सचमुच नेचर की नैसर्गिक आभा, खुली हवा और ऑक्सीजन जी भरकर बटोरना है, तो ये बेहतरीन जगह है।

इन्हीं सबके बीच भक्त लोग समूहों में जय बाबा बर्फानी, हर-हर महादेव, ओम नमः शिवाय के जय घोष के साथ आगे बढ़े जाते हैं। एक हाथ में लकड़ी की स्टिक का सपोर्ट, कंधों पर बैग और फिर जब चलते-चलते थक जाते हैं, तो थोड़ा किनारे बैठ सुस्ताने लगते हैं। साँसों की लय सामान्य हो जाती है साथ ही चारों ओर का कुदरती सौंदर्य आपको आगे के लिए तैयार कर देता है। पैदल यात्रियों के लिए रास्ते में जगह-जगह अलग-अलग राज्यों, शहरों, संगठनों के भंडारे लगे हैं। व्यवस्था इस तरह की है कि तीर्थ यात्रियों को हल्का और सात्विक भोजन मिल सके और उनकी यात्रा सहज चलती रहे। पंचतरणी से गुफा तक के मार्ग में दुर्गम चढ़ाई है। जाहिर है कि रास्ता भयानक भी है और खूबसूरत भी। पगडंडी से नीचे नजर आते ही खाइयो में बहती हिम नदी देख रोमांच होता है। श्रद्धालु बाबा की जय-जयकार करते बर्फ के पुल को पार करके पहुंचते हैं पवित्र गुफा के नीचे बहती अमर गंगा- अमरावती नदी के तट पर। वहां स्नान कर 478 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। विशालकाय हिमालय पर्वत श्रृंखला के एक हिस्से अमरनाथ पर्वत में 100 फुट चौड़ी और 150 फुट लंबी बड़ी गुफा, जिसमें रेलिंग आदि लगाकर दर्शनार्थ व्यवस्थाएं की गई हैं।

इस बार शिवलिंग तो भीषण गर्मी के से 6 दिन बाद ही पिघलने लगा था। जो आम तौर पर 8 से 10 फ़ीट का बनता है। बहुत ही छोटा साइज स्वयंभू शिवलिंग का, एक पार्वती मां और गणेश जी के छोटे-छोटे रूप और सफेद कबूतरों का जोड़ा। किंवदंती है कि शिवजी ने पार्वती को यही अमरत्व की कहानी सुनाई थी और इस पक्षियों के जोड़े ने भी उसे सुन अमरत्व हासिल कर लिया। अलौकिक, अद्भुत, निर्मल दृश्य जिसके लिए कहा जाता है कि जिसने इसे देख लिया, उसके लिए मोक्ष प्राप्ति का रास्ता सुगम हो गया।

दिलचस्प है यह जानना कि सेना के जवान यहां चप्पे-चप्पे पर मौजूद हैं। भारी संख्या में तो है ही, साथ ही हमेशा तत्पर। आपको जरा भी, किसी भी तरह की समस्या हो, तो वे तुरंत हाजिर हैं। इनके जज्बे को सलाम करने का दिल करता है!! हर 500 मीटर या एक किलोमीटर पर मेडिकल चिकित्सा सुविधाएं और डॉक्टर मौजूद हैं। आपको चलते-चलते सांस लेने में दिक्कत हो, जी मिचला रहा हो, ऑक्सीजन कम हो, ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा हो, तुरंत इन कैंपों में जांच कर आपको दवा दे दी जाती है। इतनी सुंदर व्यवस्थाएं देखकर पहली बार लगा कि सरकारी काम भी बेहद अनुशासित ढंग से हो सकता है।

ऐसी मुश्किल यात्राओं की काफी समय पहले तैयारी करनी होती है। यात्रा से पहले पंजीकरण होता है और अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है। यात्रा से कुछ महीनों पहले ही 4-5 किलोमीटर रोज चलने की आदत डाल लें। यात्रा का RFID कार्ड यात्रा से तुरंत पहले बनता है, अपने ग्रुप से अलग होने या खो जाने पर इससे आपकी रियल टाइम लोकेशन का पता लगाया जा सकता है। निश्चित रूप से यह बहुत ही मुफीद व्यवस्था है।

जरूरी सामान में ठंड से बचने के लिए गरम कपड़े रख लें। रात में टेंट में रुकने पर सर्दी ज्यादा लगती है। रेनकोट, छाता, वॉटरप्रूफ शूज, टॉर्च, सूखे मेवे, पानी की बोतल साथ में रखें। इस यात्रा में खाने का खर्च आपका न के बराबर होता है, क्योंकि रास्ते में खाने का जरिया भंडारे ही हैं, इसके अलावा अन्य कोई व्यवस्था नहीं है। अलग-अलग भंडारों में काफी वैरायटी का खाना उपलब्ध रहता है। पालकी, खच्चर-घोड़े आदि का खर्च आपके रूट और दूरी पर निर्भर करता है कि आपको किस रास्ते से कितने किलोमीटर जाना है?

*(लेखक अमरनाथ यात्रा से लौटकर)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



3. **जैसे** प्राणियों के पंचभूत रचित छोटे-बड़े शरीरों में आकाश आदि उन शरीरों के कार्य रूप से निर्मित होने के कारण प्रवेश करते भी हैं, और पहले से ही उन स्थानों और रूपों में कारण रूप से विद्यमान रहने के कारण प्रवेश नहीं भी करते, वैसे ही उन प्राणियों के शरीर की दृष्टि से मैं (परब्रह्म) उनमें आत्मा के रूप में प्रवेश किए हुए हैं और आत्म दृष्टि से अपने अतिरिक्त और कोई वस्तु न होने के कारण प्रविष्ट नहीं भी हूं। जैसे आकाश सर्वत्र व्याप्त होने के कारण विभिन्न शरीरों की रचना में अलग से प्रवेश नहीं करता, वैसे ही सर्वत्र व्याप्त परमात्मा भी जीवों में आत्मा रूप से अलग प्रवेश नहीं करता।

**4. यह ब्रह्म नहीं यह ब्रह्म नहीं:** इस प्रकार निषेध की पद्धति से और यह ब्रह्म है यह ब्रह्म है इस अन्वय की पद्धति से यही सिद्ध होता है कि सर्वातीत एवं सर्वरूप परमात्मा ही सर्वदा और सर्वत्र स्थित हैं वे ही वास्तविक तत्व हैं। जो आत्मा अथवा परमात्मा का तत्व जानना चाहते हैं उन्हें केवल इतना ही जानने की आवश्यकता है।

**भगवान की माया का स्वरूप:** आदि पुरुष परमात्मा अपनी जिस शक्ति से सम्पूर्ण भूतों की रचना करते हैं और स्वनिर्मित पंच भूत आदि द्वारा देव, मनुष्य, पशु, पक्षी आदि शरीरों की सृष्टि करते हैं उसी को माया कहते हैं। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# 'टीबी-मुक्त भारत' बनाने को लेकर भारत की प्रतिबद्धता

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

डॉ. मनीषा वर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

सबसे बड़ी जानलेवा बीमारियों में से ए, क्षयरोग (टीबी) एक संक्रामक बीमारी है जो दुनिया के हर हिस्से में पाई जाती है। यह वैश्विक चिंता का एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य मुद्दा बना हुआ है। भारत इस बीमारी का सर्वाधिक भार वहन करने वाले देशों में से एक है। केंद्र और राज्य सरकारें सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 2030 के तहत वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले ही 2025 तक इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आइए, हम इस रोग के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार करें और इस दिशा में भारत की पहल को समझें।

टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला एक संक्रामक वायुजनित रोग है। डब्ल्यूएचओ का अनुमान है कि लगभग 1.8 बिलियन लोग, जो कि वैश्विक आबादी का लगभग 1/4 हिस्सा है, टीबी से संक्रमित हैं। हर साल लगभग 13 लाख बच्चे टीबी से बीमार पड़ते हैं। यह दुनिया भर में मौतों के लिए उत्तरदायी प्रमुख संक्रामक कारणों में से एक है। पिछले साल, टीबी को कोविड-19 के बाद दुनिया में किसी एक संक्रामक एजेंट से होने वाली मौतों के दूसरे प्रमुख कारण के रूप में दर्ज किया गया। यह एचआईवी/एड्स से लगभग दोगुनी मौतों का कारण रहा। 2022 में, 1.06 करोड़ लोग टीबी से संक्रमित हुए और 14 लाख लोगों की मौत हुई। टीबी के कारण प्रतिदिन 3500 मौतें होती हैं।

क्षयरोग विभिन्न सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य-संबंधी जोखिम कारकों द्वारा गहनता से प्रभावित होता है। ये कारक हैं- कुपोषण, मधुमेह, एचआईवी संक्रमण, मद्य-सेवन से होने वाले विकार और धूम्रपान। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 2020 में वैश्विक स्तर पर, टीबी के अनुमानित 19 लाख मामले कुपोषण के कारण, 7.4 लाख एचआईवी संक्रमण के कारण, 7.4 लाख मद्य-सेवन से उत्पन्न विकारों के कारण, 7.3 लाख धूम्रपान के कारण और 3.7 लाख मधुमेह के कारण थे। हालांकि, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इसमें भिन्नताएं हैं। उदाहरण के लिए, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाली शहरी आबादी में इसका विस्तार अधिक देखा गया है।

विश्व के, 87% टीबी मामलों का भार उच्च संक्रमण वाले 30 देशों पर है। इनमें से, वैश्विक कुल बोझ का दो-तिहाई हिस्सा आठ देशों में पाया गया। कुल वैश्विक मामलों में भारत की 27% की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसके बाद इंडोनेशिया (10%), चीन (7.1%), फिलीपींस (7.0%), पाकिस्तान (5.7%), नाइजीरिया (4.5%), बांग्लादेश (3.6%) और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (3.0%) का स्थान आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वैश्विक टीबी रिपोर्ट 2023 ने भारत को क्षयरोग-मुक्त देश बनाने की दिशा में इसकी उल्लेखनीय गतिविधियों और हस्तक्षेपों के लिए श्रेय दिया है। WHO ने 2015 से (2022 तक) क्षयरोग की घटनाओं में 16 प्रतिशत और इसके कारण होने वाली मृत्यु दर में 18 प्रतिशत की कमी लाने में भारत की अत्यधिक महत्त्वपूर्ण प्रगति की सराहना की है।

भारत को अपनी तीव्र केस-डिटेक्शन रणनीतियों के लिए सराहना मिली है, जिनके कारण 2022 में अब तक के सबसे अधिक मामले अधिसूचित हुए और 24.22 लाख से अधिक टीबी मामलों की ये अधिसूचनाएं पूर्व-कोविड स्तरों को पार कर गईं। 2023 में 25.5 लाख टीबी मामलों की अधिसूचना के साथ एक रिकॉर्ड अधिसूचना दर्ज की गई। इनमें से 17.1 लाख टीबी मामले सार्वजनिक क्षेत्र में अधिसूचित किए गए, जबकि 8.4 लाख निजी क्षेत्र द्वारा अधिसूचित किए गए। कुल अधिसूचनाओं के 33% पर, यह अब तक का उच्चतम योगदान था। विभिन्न हस्तक्षेपों के माध्यम से निजी क्षेत्र के साथ केंद्रित और लक्षित जुड़ाव के परिणामस्वरूप निजी क्षेत्र की अधिसूचना में पिछले नौ वर्षों में आठ गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, उपचार कवरेज अनुमानित टीबी मामलों के 80 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19% की वृद्धि है। एक उत्साहजनक अवलोकन में, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट यह भी स्वीकार करती है कि भारत में गिरावट की गति वैश्विक टीबी घटनाओं में कमी की गति से लगभग दोगुनी है, जो कि 8.7% है। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ ने टीबी मृत्यु दर में अधोमुखी संशोधन है (2021 में 4.94 लाख से 2022 में 3.31 लाख तक)। 34% से अधिक की कमी नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) से एकत्र किए गए 2014-2019 के मृत्यु-कारण आंकड़ों पर आधारित है। यह ध्यान रखना महत्त्वपूर्ण है कि यद्यपि क्षयरोग बहुत संक्रामक है, परन्तु यदि इसका यथासमय पता चल जाए और पूरा उपचार हो जाए तो यह पूरी तरह से रोकथाम-योग्य और उपचार-योग्य रोग है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

जागरूक जनता Selfie विद सिस्टर



कुमकुम संग आरना-गौरवी मिश्रा, जयपुर

**हमे भेजें**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 07/08/2024**

**सूर्योदय** : 05:58 **सूर्यास्त** : 19:06 **चन्द्रोदय** : 08:13 **चन्द्रास्त** : 20:59 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **चन्द्रमास श्रावण** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2081 पिङ्गल **श्रावण** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस **अमान्ता महीना** : श्रावण **पूर्णिमांत** : श्रावण **सूर्य राशि** : कर्क **चन्द्र राशि** : सिंह **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : तृतीया, 22:07 तक **वार** : बुधवार

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पूर्व फाल्गुनी, 20:27 तक **प्रथम करण** : तैतिल, 08:57 तक
**योग** : परिघा, 11:35 तक **द्वितिय करण** : गारा, 22:07 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:21 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:42 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:40 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:07 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:07 पी एम से |
| अमृत काल | 01:22 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:6 ए एम, अगस्त 8 से |
| रवि योग | 08:30 पी एम से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
नक्षत्र शूल : उत्तर
होमाहुति : सूर्य, बुध

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:57 - 07:36 | उद्वेग : 19:05 - 20:27 |
| अमृत | : 07:36 - 09:14 | शुभ : 20:27 - 21:48 |
| काल काल वेला | : 09:14 - 10:53 | अमृत : 21:48 - 23:10 |
| शुभ | : 10:53 - 12:31 | चरः 23:10 - 00:31 |
| रोग वार वेला | : 12:31 - 14:10 | रोग : 00:31 - 01:53 |
| उद्वेग | : 14:10 - 15:48 | काल : 01:53 - 03:14 |
| चर | : 15:48 - 17:27 | लाभ : 03:14 - 04:36 |
| लाभ | : 17:27 - 19:05 | उद्वेग : 04:36 - 05:58 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज तृतीया

**आज कौन सा कार्य करें**

राज संबंधी कार्य, व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट** : शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

श्रावण, शुक्ल, तृतीया, 2081 बुधवार, 07 अगस्त - 13 अगस्त, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोले मंत्री, आयुष्मान भारत योजना में...

# लाभार्थी जल्द अन्य राज्यों में करवा सकेंगे इलाज!

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** आयुष्मान भारत योजना पर नया अपडेट विधानसभा में आया। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने मंगलवार को राजस्थान विधान सभा में बताया कि आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों की अन्य राज्यों में उपचार की व्यवस्था आगामी कुछ महीनों में सुनिश्चित कर ली जाएगी। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 73 लाख परिवार शामिल

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर शून्यकाल में निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचन्द कृपलानी के इस सम्बन्ध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए मामले पर जवाब दे रहे थे। गजेन्द्र



सिंह खींवसर ने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 5 लाख रुपए और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 25 लाख रुपए तक का कवरेज अभी वर्तमान में है। राज्य में 66.37 लाख परिवार प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और लगभग 73 लाख परिवार मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में सम्मिलित हैं।

### अंतर में कम्पेटिबिलिटी लाने के हैं पूरे प्रयास

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि उपचार के लिए नेशनल हैल्थ ऑथोरिटी के अंतर्गत 2500 पैकेज व राज्य सरकार के अंतर्गत 1800 से अधिक पैकेज हैं। यह जो अंतर है उसमें कम्पेटिबिलिटी लाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

### राजस्थान के लोग पूरे भारत में करा सकेंगे इलाज

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत आगामी सितम्बर माह से अन्य राज्य का कोई भी व्यक्ति राजस्थान में आकर उपचार करवा सकेगा। जबकि, दूसरे चरण में आगामी 3-4 माह के बाद राजस्थान के लोग भी पूरे भारत में योजना के अंतर्गत उपचार करवा पाएंगे। मंत्री खींवसर ने विश्वास जताया कि वित्त विभाग की अनुमति लेकर शीघ्र ही सॉफ्टवेयर्स की कम्पेटिबिलिटी सुनिश्चित कर ली जाएगी।

# फिजिक्स वाला देगा ₹250 करोड़ की छात्रवृत्ति

जागरूक जनता jagrukjanta.net




**जयपुर/नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी शिक्षा कंपनी फिजिक्स India's leading Physics education company वाला (पीडब्लू) ने सबसे बड़ी छात्रवृत्ति परीक्षा, एनएसएटी (राष्ट्रीय छात्रवृत्ति सह प्रवेश परीक्षा) 2024 के अपने तीसरे संस्करण के माध्यम से 250 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति निधि की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य नीट-यूजी और आईआईटी-जेईई परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को उनकी वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करके मदद करना है।

एनएसएटी परीक्षा 1 से 15 अक्टूबर, 2024 तक ऑनलाइन और 6 अक्टूबर और 13 अक्टूबर, 2024 को जम्मू केंद्र में ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जिससे यह सभी छात्रों के लिए सुलभ है। एनएसएटी 2024 कार्यक्रम के लिए पंजीकरण आधिकारिक तौर पर शुरू हो गया है, जिसमें पीसीएम और पीसीबी समूहों सहित कक्षा VI से XII तक के छात्रों को आमंत्रित किया गया है। परिणाम नवंबर 2024 में घोषित किए जाएंगे। इन परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 1000 छात्रों को आवास सहित 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी। इनमें से, शीर्ष 500 वंचित छात्रों को विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, छात्र एक विशेष रैंकर्स समूह में शामिल हो सकते हैं, जिससे NEET UG और IIT JEE जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की उनकी संभावनाओं को काफी बढ़ावा मिलेगा। जम्मू क्लब के मानद सचिव गौरव गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए और शिक्षा के क्षेत्र में पीडब्ल्यू के योगदान की सराहना की। कुल 250 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति पहल छात्रों को उपलब्ध कराई गई अब तक की सबसे महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता में से एक है।

**# Parthiv Jyotirling Mahaabhishek : रामरिछपाल देवाचार्य महाराज त्रिवेणी धाम के सानिध्य में हुआ महाभिषेक**

# ग्यारह पार्थिव ज्योर्तिलिंगों का भव्य महाभिषेक

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** कौशिक शिक्षा निकेतन सी. सै. स्कूल, ग्रीनपार्क, दादी का फाटक में ग्यारह पार्थिव ज्योर्तिलिंगों का महाभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खोजी द्वाराचार्य रामरिछपाल देवाचार्य महाराज त्रिवेणी धाम शिष्य खोजी पीठ पुजारी रघुनंदनदास महाराज के सानिध्य में किया गया। आयोजक कौशिक परिवार के द्वारा ग्यारह जोडों द्वारा जिसमें राजेश कौशिक, रामकुमार प्रजापत, राधेश्याम कौशिक, दीपक कौशिक, सत्यनारायण कौशिक, राकेश शर्मा, कमल शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, गोविन्द पांचाल, राजकुमार जोशी, दौलत सिंह के जोडे के द्वारा क्षेत्र की खुशहाली, शांति व पानी की समस्या के निदान हेतु वर्षा व सुख समृद्धि की कामना के लिए पार्थिव ज्योर्तिलिंगों का रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया।

खोजी पीठ पुजारी रघुनंदन दास ने सभी जोड़ों को पार्थिव ज्योर्तिलिंगों का महाभिषेक एवं महाआरती का महत्त्व बताया और सभी को शुभाशीर्वाद दिया। खोजी द्वाराचार्य रामरिछपाल देवाचार्य महाराज ने कार्यक्रम में पधारकर महाआरती करके कार्यक्रम को विधिवत संपन्न कराया एवं कौशिक विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम सदा होते रहें ऐसा शुभाशीर्वाद दिया।

इस कार्यक्रम के अवसर पर गुड्डू सैनी प्रदेश मंत्री भाजपा, गजेन्द्र ज्ञानपुरिया, एन के कौशिक, सुरेश कौशिक, नारायण सिंह, श्रवण सैनी, विष्णु शर्मा आदि ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। कौशिक स्कूल के निदेशक अनिल कौशिक ने इस में कार्यक्रम पधारें हुए भक्तगणों की प्रशसां की। विद्यालय में इस प्रकार के होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया और सदगुरुदेव श्री नारायणदास जी का हम सब पर सदा ऐसा आशीर्वाद बना रहें। कार्यक्रम के आचार्य श्याम शर्मा ने विधिविधान से कार्यक्रम को संपन्न कराया।

**# Krishan Janmasthmi : पुलिस ने देखी व्यवस्था तैयारियां**

# जन्माष्टमी पर होंगे श्री श्री कृष्ण बलराम के 20 मिनट में दर्शन



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में 26 अगस्त की जन्माष्टमी को लेकर ख़ास तैयारियां शुरू हो गई हैं, भगवान् कृष्ण के जन्म पर पूरे शहर के लाखों लोग मंदिर में आकर उनका विशेष आशीर्वाद लेते है और आध्यात्मिक जीवन में आगे बढ़ते हैं।

इस जन्माष्टमी पर ज्यादा से ज्यादा भक्तों को भगवान् के दर्शन हो इसके लिए मंदिर और शहर के पुलिस प्रशासन ने मिलकर अनूठी पहल की है। इस बार मंदिर में दर्शन के लिए दो पंक्तियाँ लगाई जायेंगी। जिससे भक्त सिर्फ आधे घंटे के अन्दर ही भगवान् के दर्शन कर सकेंगे। रात के समय में भी भक्त बहुत ही थोड़े समय में भगवान् कृष्ण की सुन्दर छवि के नयनाभिराम दर्शन कर सकेंगे। मंदिर में इस बार पार्किंग के लिए भी बहुत ही पुख्ता इंतज़ाम किये गए हैं, पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने दस हज़ार गाड़ियों की पार्किंग का आश्वासन दिया है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक डाइवर्ट करने के निर्देश भी दिए है।मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद प्रेषित किया है।

**# Samvad : जीएसटी के उच्च अधिकारियों के साथ हुआ व्यापारियों का संवाद कार्यक्रम**

# जीएसटी भारत का अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार-जैन

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने अपने सदस्यों एवं आम व्यापारीगणों के हितार्थ GST की समस्याओं एव उनके प्रस्तावित समाधान पर एक इंटरएक्टिव (संवाद) सत्र का आयोजन राजस्थान चैम्बर भवन में किया। इस के मुख्य अतिथि स्पेशल सेक्रेट्री तथा सदस्य CBIC शशांक प्रिया के साथ ही सत्र में मुख्य आयुक्त, CGST, जयपुर। महेन्द्र रंगा और प्रधान आयुक्त, CGST, जयपुर सी. के. जैन विषिष्ट अतिथि रहे।

सत्र को संबोधित करते हुए राजस्थान चैम्बर के अध्यक्ष डॉ. के. एल. जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि GST भारत का अब तक का सबसे बड़ा कर सुधार है तथा इससे व्यापारियों को पुरानी कर प्रणाली की अपेक्षा काफी लाभ हुआ है। एक राष्ट्र एक कर की अवधारणा साकार हुई है। उन्होंने कहा कि तस्ञ्ज की दरों को तर्क संगत बनाया जाना चाहिए। 4 स्लैब के स्थान पर तीन कर स्लैब 5 प्रतिशत, 15 प्रतिशत और 40 प्रतिशत रखी जानी चाहिए तथा पेट्रोल व डीजल को भी GST के दायरे में लाया जाना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शशांक प्रिया ने कहा कि केन्द्र सरकार धीरे धीरे GST को व्यापारियों के हितार्थ सरलीकृत करने जा रही है तथा सुझावों पर GST काउंसिल में विचारार्थ प्रेषित करने का आग्रह किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि 328 वस्तुओं को GST की सबसे कम दर के अंदर रखकर आमजन को राहत प्रदान की गई है। विवाद निवारण के लिए गठित केन्द्रीय GST काउंसिल के बारे में भी दी उन्होंने सदन को अवगत कराया तथा यह भी बताया कि यह शीध्र ही कार्य करना आरंभ कर देगी। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि वर्ष 2017-21 तक जो रिटर्न फाइल की गई है, उनमें त्रुटि सुधार हेतु प्रावधान किये हैं जिसमें अन्य रियायतों के साथ इनपुट टेक्स क्रेडट भी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल को GST के दायरे में लाने के लिए केन्द्र के साथ साथ राज्यों से भी विचार विमर्श चल रहा है क्योंकि इससे राज्यों का राजस्व प्रभावित होता है। सत्र को मुख्य आयुक्त, CGST महेन्द्र रंगा और प्रधान आयुक्त, CGST सी. के. जैन ने भी संबोधित कर CGST के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा उपस्थित सदस्यों की जिज्ञासाओं को शान्त किया।

इस अवसर पर चैम्बर के प्रधान सलाहकार राजीव अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर. एस. जैमिनी, आत्माराम गुप्ता, उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश, मानद महासचिव डॉ अरुण अग्रवाल वं एन. के. जैन के साथ ही कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यगण, चैम्बर से सम्बद्ध व्यापारिक संस्थान/एसोसिएशन पदाधिकारी, कर सलाहकार, व्यापारी, आमजन एवं विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में डॉ. जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

## निर्धन बच्चों संग मनया फ्रेंडशिप डे




» **जागरूक जनता @ जयपुर।** एम्प्रेस क्लब और उनो केटर्स के द्वारा कच्ची बस्ती के गरीब बच्चो के साथ फ्रेंडशिप डे मनाया गया। जिसमे बच्चो को केक कटवाकर खाना खिलाया गया और टाफियाँ और चॉकलेट बाटी गयी। इस अवसर पर एम्प्रेस क्लब और उनो केटर्स की सदस्य खुशबु भारद्वाज रुचि कपूर,मीनल पारुल कनिका गुप्ता मौजूद रही।

## कौशिक शिक्षा निकेतन सी. सै. स्कूल के छात्रों ने किया पौधरोपण



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** कौशिक शिक्षा निकेतन सी. सै. स्कूल के निदेशक अनिल कौशिक एवं अध्यक्ष राजेश कौशिक के सानिध्य में स्कूल प्रागंण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान "एक पौधा माँ के नाम" के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पौधारोपण किया एवं पौधा लगाने के बाद छात्र छात्राओं को उसकी देखभाल करने का संकल्प भी दिलाया गया। साथ ही 250 शीशम और नीम के पोधे वितरण किए गए। इस अवसर पर जागरूक जनता समाचार पत्र के मुख्य संपादक शिवदयाल मिश्रा, विद्यालय के अध्यापकगण बसन्त सिखवाल, सुशील शर्मा, ज्योति मिश्रा, अंजली मिश्रा, चन्द्र शेखर टांक एवं विशम्भरी ने भी उपस्थित रहकर अपना सहयोग दिया।

## ब्राह्मण समाज ने डॉ. ऐरन का किया सम्मान




» **जागरूक जनता @ जयपुर।** ब्राह्मण समाज राजस्थान के कार्यक्रम में चिकित्सा सेवाओ में उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रदेशाध्यक्ष पं. अंबिका प्रकाश पाठक एवं जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने डॉ एमके ऐरन का माला शाल एवं प्रतीक चिन्ह भेटकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ ऐरन ने ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज के द्वारा दिया गया सम्मान मेरे लिए भगवान के आशीर्वाद के समान है। इस दौरान ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## "श्री कृष्ण भोग" का हुआ आयोजन



» **जागरूक जनता @ जयपुर।** स्माईल स्प्रेडर्स ग्रुप द्वारा राजकीय महाराजा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छोटी चौपड़ में मिड डे मील "श्री कृष्ण भोग" योजना के अन्तर्गत 400 बालिकाओं को "श्री कृष्ण भोग" प्रसाद का वितरण किया गया "श्री कृष्ण भोग" में बालिकाओं को लस्सी, फल, पोहा व मिठाई का प्रसाद बाटा गया। कार्यक्रम में विघालय प्रधानाचार्या पुखराज आर्य भाजपा विधायक प्रत्याशी चन्द्रमोहन बटवाडा व स्माईल स्प्रेडर्स ग्रुप के पदाधिकारी विजय शंकर अग्निहोत्री विनिश शर्मा, कपिल शर्मा, अमित शर्मा, शलभ वर्मा, भूपेंद्र मीणा, मीना अरोडा, पूनम, डिम्पल अग्रवाल, व इशिता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में अवामी तख्तापलट

## पीएम शेख हसीना ने पद के साथ देश भी छोड़ा, हिंडन में उतरा उनका विमान | सेना ने संभाली कमान, आर्मी चीफ ने कहा- हम अंतरिम सरकार बनाएंगे





**बंग बंधु की मूर्ति पर हथौड़े** प्रदर्शनकारियों ने पीएम आवास में लगी बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को हथौड़ों से तोड़ा।



**पीएम आवास में घुसे प्रदर्शनकारी:** ढाका में हजारों प्रदर्शनकारी पीएम आवास में घुसे और वहां लूटपाट भी की। इस घटना ने 2022 में श्रीलंका में राष्ट्रपति के खिलाफ आंदोलन की यादें ताजा कर दीं। तब लोग इसी तरह राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बांग्लादेश में** आरक्षण पर मचे बवाल के बाद हालात इतने बेकाबू हो गए कि वहां सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद के साथ देश भी छोड़ना पड़ा। हसीना बहन के साथ विमान से गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट पर उतरीं। वह लंदन जाने की तैयारी में हैं। इस बीच, बांग्लादेश में सेना ने कमान संभाल ली है। आर्मी चीफ वकार-उज-जमां ने देश के नाम संबोधन में कहा कि 48 घंटों में अंतरिम सरकार कामकाज संभाल लेगी। आर्मी चीफ ने यह ऐलान ऐसे वक्त किया, जब दो दिनों में हसीना सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसक प्रदर्शन हुए और इसमें 100 से ज्यादा जानें गईं। हसीना के देश छोड़कर जाने के बीच टीवी पर संदेश में आर्मी चीफ ने कहा कि मैं (देश की) सारी जिम्मेदारी ले रहा हूं। हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की 76 वर्षीय बेटी हसीना 2009 से सामरिक रूप से अहम इस दक्षिण एशियाई देश की बागडोर संभाल रही थीं। उन्हें जनवरी में हुए 12वें आम चुनाव में लगातार चौथी बार (कुल पांचवीं बार) प्रधानमंत्री चुना गया था। देश में दो महीनों से कोटा सिस्टम के खिलाफ उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। इसमें अब तक 300 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। दो दिन पहले ही इस आंदोलन ने सरकार विरोधी रूप धरा और शेख हसीना के इस्तीफे की मांग पर 'पूर्ण असहयोग आंदोलन' शुरू किया।

**सरकार विरोधी आंदोलन से 15 साल का राज खत्म**

## PM आवास में लूटपाट, पार्टी दफ्तरों पर हमला

**शेख हसीना** के देश छोड़ने के बाद हजारों प्रदर्शनकारी सोमवार को राजधानी ढाका में कर्फ्यू के बीच उनके सरकारी आवास 'गणबंधन' में घुसे और वहां लूटपाट और तोड़फोड़ की। कई विडियो फुटेज में प्रदर्शनकारियों को तोड़फोड़ और लूटपाट करते देखा गया। कई लोग आवास से सामान ले जाते दिखे। ढाका में शेख हसीना के पिता मुजीबुर रहमान की प्रतिमा को भी हथौड़ों से तोड़ा गया। शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' के दफ्तरों में आग लगा दी गई। शेख हसीना सरकार में गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल के आवास पर भी हमला किया और तोड़फोड़ की। उनके घर से धुआं निकलता देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर हसीना के जाने का जश्न मनाया। (पीटीआई)



जिसे जो हाथ लगा, वह ले गया।

### अब भारत-विरोधी भावनाएं बढ़ने का डर

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का जाना भारत के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाओं को बढ़ावा मिलने का डर है। शेख हसीना सरकार के 15 वर्षों के दौरान भारत-बांग्लादेश के संबंध बहुत अच्छे रहे हैं। चीन से संबंधों में भी शेख हसीना ध्यान रखती थीं की भारत के हितों पर असर ना पड़े। बांग्लादेश में भी पाकिस्तानी एजेंसियां भारत विरोधी साजिश रचती रही हैं। देखना होगा कि वहां पाकिस्तान समर्थक दल (**BNP** और जमात) न हावी हो जाएं। कहा जा रहा है कि इस प्रदर्शन के पीछे **ISI** का हाथ हो सकता है। (विस)

## भारत ने रोकीं उड़ानें, ट्रेनें, ट्रेड बंद, BSF अलर्ट पर

**हालात को** देखते हुए भारत-बांग्लादेश कारोबार सोमवार दोपहर से रोक दिया गया। बांग्लादेश को जाने वाली सभी उड़ानें और ट्रेनें रोक दी गई हैं। बीएसएफ ने भी बांग्लादेश में घटनाक्रम को देखते हुए उससे लगती 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा पर अपनी सभी यूनिट के लिए सोमवार को 'हाई अलर्ट' जारी किया। बीएसएफ के कार्यवाहक DG दलजीत सिंह चौधरी अपने आला अफसरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए कोलकाता पहुंचे। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, असम और मिजोरम की सीमाएं बांग्लादेश के साथ लगती हैं। कई जगह रात का कर्फ्यू लगा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षा पर कैबिनेट कमिटी की बैठक कर हालात का जायजा लिया।



बांग्लादेश सीमा पर चौकसी बढ़ी।

---


**पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट**

## राजस्थान के 21 जिलों में 158 बांध-तालाब तक पहुंचेगा पानी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट से 90 की जगह 158 बांध-तालाब और अन्य जल स्रोत तक पानी पहुंचेगा। जल संसाधन विभाग ने 21 जिलों के लिए नए सिरे से तैयार डीपीआर में छोटे-बड़े बांधों के अलावा तालाब व अन्य जल स्रोतों को भी जोड़ा है। स्थानीय लोगों के लिए ये छोटे जल स्रोत सिंचाई व पेजयल का अहम हिस्सा हैं।

केन्द्रीय जल आयोग को भेजी डीपीआर में जल स्रोतों का दायरा काफी बढ़ा दिया गया। इसके लिए 600 मिलीयन क्यूबिक मीटर पानी रिजर्व रखने की भी बात कही जा रही है। राज्य सरकार एक बार फिर इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कराने के लिए प्रयास कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इससे पहले केन्द्र सरकार इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दे सकती है। ऐसा होता है तो निर्माण लागत का 90 प्रतिशत पैसा केन्द्र सरकार वहन करेगी।



### बांध से बांध जुड़ें तो यह फायदा

- » ओवरफ्लो बांधों का पानी व्यर्थ नहीं बहेगा और न ही आस-पास के गांवों को खाली कराने की नौबत आएगी। अभी ज्यादातर बड़े बांध भरने के बाद गांव खाली कराए जाते हैं। ओवरलो होने से फसलें भी बर्बाद होती हैं।
- » खाली बांध में पानी पहुंचने से स्थानीय लोगों की पेयजल व सिंचाई की समस्या दूर हो सकेगी।
- » बांध से बांध को जोड़ने के लिए जिस रूट से नदी, नहर गुजरेगी, उस रूट पर कृषि का दायरा बढ़ेगा।
- » औद्योगिक गतिविधियां बढ़ने की स्थितियां बनेंगी, कई उद्योगों को पानी की ज्यादा जरूरत होती है। इलाके का इकोनामिक डवलपमेंट भी होगा।

### पहला चरण बीसलपुर-ईसरदा तक आएगा पानी

पीकेसी-ईआरसीपी का पहला चरण चार साल में पूरा होगा। इसमें नवनेरा बैराज से बीसलपुर और ईसरदा तक पानी लाया जाएगा। रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज, नौनेरा में नहरी तंत्र और पपिंग स्टेशन, मेज नदी पर पपिंग स्टेशन बनाया जाएगा। साथ ही 2.6 किलोमीटर लंबी टनल भी तैयार की जाएगी, जो 12 मीटर चौड़ी होगी। इसकी लागत करीब 9600 करोड़ रुपए आंकी गई है। दूसरे चरण के लिए भी होमवर्क कर रहे हैं।

### राजनीति की भेंट नहीं चढ़ जाए

सरकार नई डीपीआर में शामिल किए बांध, तालाब व अन्य जल स्रोतों के नाम का खुलासा करने से बच रही है। तर्क दे रहे हैं कि, पहले डीपीआर केन्द्रीय जल आयोग से स्वीकृत होनी जरूरी है। इससे पहले खुलासा करते हैं तो 'राजनीति' की भेंट चढ़ने की आशंका रहेगी।




**स्वतंत्रता दिवस समारोह**

## दीया दौसा तो किरोड़ी करेंगे सवाईमाधोपुर में ध्वजारोहण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के मौके पर भजनलाल सरकार ने विभिन्न जिलों में ध्वजारोहण करने के लिए वाले जनप्रतिनिधियों की लिस्ट जारी कर दी है। 15 अगस्त पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में नवनिर्वाचित मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों के नाम शामिल है। इस लिस्ट में जिन जिलों में मंत्री और जनप्रतिनिधी नहीं है, वहां बाकी बचे मुख्यालयों पर जिला कलेक्टर ध्वजारोहण करेंगे। इस लिस्ट में मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का नाम शामिल होने से सियासी हलचल बढ़ गई। बता दें कि उपमुख्यमंत्री समेत कई मंत्री अलग-अलग जिले में ध्वजारोहण करेंगे।

### दीया दौसा तो बैरवा जोधपुर जिले में करेंगे ध्वजारोहण

प्रदेश सरकार की ओर से जारी की गई लिस्ट में मंत्रिमंडल के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों को तिरंगा फहराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की लिस्ट में सीएम भजनलाल शर्मा सबसे पहले मुख्यमंत्री आवास इसके बाद बड़ी चौपड़, फिर सवाई मानसिंह स्टेडियम और सचिवालय में ध्वजारोहण करेंगे। राजस्थान के उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी दौसा और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा जोधपुर जिले में ध्वजारोहण करेंगे। लिस्ट में जिन जिलों का नाम है, वहां सरकार के निर्देश है कि जिला कलेक्टर तिरंगा फहराएंगे।

### लिस्ट में किरोड़ी मीणा का नाम भी शामिल

**ध्वजारोहण** की लिस्ट में बीजेपी के वरिष्ठ नेता डॉ. किरोड़ी लाल मीणा का नाम आने से सियासत का पारा चढ़ गया है। किरोड़ी मीणा को सवाई माधोपुर जिले में ध्वजारोहण करने की जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि पिछले दिनों लोकसभा चुनाव परिणाम में हार की जिम्मेदारी लेते हुए किरोड़ी लाल मीणा ने अपने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसको लेकर सियासत में जमकर हलचल देखने को मिली। ऐसे में किरोड़ी लाल मीणा को लेकर राजनीतिक जानकार कह रहे हैं। शायद बीजेपी अभी भी उनका इस्तीफा मंजूर नहीं करते हुए उन्हें मंत्रीमंडल का हिस्सा मान रही है।

### यह मंत्री और जनप्रतिनिधी फहराएंगे इन जिलों में तिरंगा

सरकार की जारी लिस्ट के अनुसार, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भरतपुर में, संजय शर्मा अलवर में, मदन दिलावर कोटा में, गजेन्द्र सिंह खींवसर फलौदी में, कन्हैया लाल टोंक में, जोगाराम पटेल जोधपुर में, सुरेश सिंह रावत अजमेर में, सुमित गोदारा बीकानेर में, अविनाश गहलोत ब्यावर में, जोराराम कुमावत पाली में, हेमन्त मीणा प्रतापगढ़ में, बाबूलाल खराड़ी उदयपुर में, गौतम कुमार चित्तौड़गढ़ में, हीरालाल नागर बूंदी में, झाबर सिंह खर्रा सीकर में, ओटाराम देवासी सिरोही में, मंजू बाघमार नागौर में, विजय सिंह भीलवाड़ा में, कृष्ण कुमार के. के. विश्नोई सांचैर में, जवाहर सिंह बेढ़म डीग में, जोगेश्वर गर्ग जालौर में तिरंगा फहराएंगे।

## राज्य सरकार द्वारा गौवंश को दिये जा रहे अनुदान में 10 प्रतिशत वृद्धि-गोपालन मंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा गौवंश को दिये जा रहे अनुदान में 10% वृद्धि करने की घोषणा की गई है, जो आगामी अनुदान में बढ़ाकर दी जाएगी। कुमावत ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में गौशालाओं एवं कांजी हाउस में संधारित गौवंश के भरण पोषण के लिए बड़े गौवंश के लिए 40 रूपये तथा छोटे गौवंश के लिए 20 रूपये प्रति गौवंश प्रति दिन की दर से दिये जा रहे हैं। सहायता राशि वर्ष में 270 दिवस के लिए दी जाती है। अंधे एवं अपाहिज गौवंश तथा नंदीशालाओं में संधारित नर गौवंश को यह सहायता राशि वर्ष में पूरे 12 माह दी जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में गौवंश को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ाये जाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**मिड-डे मील घोटाला**

## दोषियों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई-शिक्षा मंत्री

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विधानसभा में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा मिड-डे मील में करोड़ों रूपये का घोटाला किया गया है। इस मामले की जांच ईडी और एसीबी कर रही है। उन्होंने कहा कि घोटाले में लिप्त पाए जाने वाले राजकीय कार्मिकों के विरूद्ध भी सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में मिड डे मील में गंभीर अनियमितताएं की गई है।



## सफेद बाघिन ने दिया 3 शावकों को जन्म

**» जागरूक जनता @ ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मौजूद गांधी प्राणी उद्यान (चिड़ियाघर) में मीरा नाम की एक सफे द बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया। शावकों में 2 सफे द और एक पीला है। चिड़ियाघर प्रभारी उपेंद्र यादव ने बताया कि मीरा और उसके शावक पूरी तरह से स्वस्थ हैं। वे चिड़ियाघर प्रबंधन और पशु चिकित्सकों की निगरानी में हैं।



## जागरूक खबरें

### बच्चों व महिलाओं के लिये प्रतियोगिता आयोजित

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** पूज्य सिंधी पंचायत विकास समिति व झुलेलाल युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में सिंधी कॉलोनी प्रताप नगर स्थित भगवान झुलेलाल मंदिर में सिंधी समाज का चालिया पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। झुलेलाल मंदिर में बच्चो की क्रिज प्रतियोगिता व महिलाओ की आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन कमलेश खटवानी के मुख्य आतिथ्य, योगेश भोजवानी की अध्यक्षता, जोधराज तनवानी तथा वंदना वजिरानी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। राजेश तुलसानी ने बताया कि प्रतियोगिताओ में समाज के बच्चो व महिलाओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### भव्य रूप से मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** आदिवासी भील समाज की भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित विश्व आदिवासी दिवस जिला स्तर पर 9 अगस्त को मनाये जाने पर चर्चा की गई। शंभूलाल ने बताया कि विश्व आदिवासी दिवस भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिले की सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में भील समाज के महिला पुरुष, बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में ढोल, थाली, मांदल के साथ भव्य शोभायात्रा, सांस्कृति कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। बैठक में गोपाल, प्रवीण, नारायण, सुनिल चौहान, हितेश, लोकेश, सत्यनारायण, कमलेश, भगवतीलाल, कमलेश, बगदीराम, उंकार, विमल, नारायण, बाबुलाल, शंभूलाल, गोपाल, भेरू, लालाराम सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया।

### कृत्रिम अंग, उपकरण वितरण 7 को

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** समग्र शिक्षा द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं को कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरित किये जायेंगे। अति. जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा प्रमोद कुमार दशोरा ने बताया कि पात्र विशेष आवश्यकता वाले बालक-बालिकाओं का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करने हेतु उन्हे शिक्षा एवं सामाजिक पुनर्वास प्रदान के अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से आवश्यकतानुसार अभिशंषित सहायक सामग्री वितरित की जायेगी। सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. लीला चतुर्वेदी ने बताया कि एलिम्को से उपलब्ध कृत्रिम अंग एवं उपकरण का वितरण श.मे.न.सिं.श.राउमावि के सभागार में 7 अगस्त को किया जायेगा। 126 उपकरणों में से शारीरिक दिव्यांग को 27 व्हीलचेयर, 24 ट्राई साईकिल, 14 रोलेटर, 12 सीपी चेयर, श्रवण बाधित को 27 श्रवण यंत्र, दृष्टिबाधित को 5 सहायक सामग्री इत्यादि का वितरण एलिम्को के अमित पीओ, शैलेन्द्र एवं समावेशी शिक्षा के हेमेन्द्र कुमार सोनी संदर्भ व्यक्ति के सहयोग से वितरित किया जायेगा।

### बावड़ी वाले सगस महाराज का जन्मोत्सव 9 को

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी समीपवर्ती धनेतकलां गांव के बावड़ी वाले सगस जी महाराज का जन्मोत्सव 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। पुजारी देवकिशन शर्मा के अनुसार बावड़ी वाले सगस धाम पर प्रातः सवा 7 बजे हवन पूजन होगा। 9.15 बजे अभिषेक पूजन के साथ शोभायात्रा, स्वागत व चौकी लगेगी। जन्मोत्सव पर पूरे दिन विभिन्न आयोजनों के साथ भजन संध्या एवं महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा।

**श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस- श्रीगंगानगर रेलसेवा करेगी गोगामेडी स्टेशन पर अस्थाई ठहराव**

# गोगामेडी मेले में यात्रियों की सुविधा हेतु चलेगी 4 मेला स्पेशल रेल सेवाएं

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा गोगामेडी मेले में होने वाले अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए 04 मेला स्पेषल रेल सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा गोगामेडी स्टेशन पर 01 माह तक अस्थाई ठहराव करेगी।

#### रेवाडी-गोगामेडी-रेवाडी प्रतिदिन एक्सप्रेस मेला स्पेशल

गाडी संख्या 04791, रेवाड़ी-गोगामेडी मेला स्पेशल 20.8.24 से 30.8.24 (11 ट्रिप) तक एवं दिनांक 10.9.24 से 13.9.24 तक (4 ट्रिप) रेवाडी से 6.15 बजे प्रस्थान कर 10.25 बजे गोगामेडी पहुंचेगी। गाडी संख्या 04792, गोगामेडी - रेवाड़ी मेला स्पेशल दिनांक 20.8.24 से 30.8.24 (11 ट्रिप) तक एवं दिनांक 10.9.24 से 13.9.24 तक (04 ट्रिप) तक गोगामेडी से 10.55 बजे प्रस्थान कर 16.30 बजे रेवाडी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेन्द्रगढ, लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण द्वितीय श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बें होगें।

#### रेवाडी-गोगामेडी-रेवाडी प्रतिदिन एक्सप्रेस मेला स्पेशल

गाडी संख्या 04795, रेवाड़ी-गोगामेडी मेला स्पेशल दिनांक 20.08.24 से 29.08.24 (10 ट्रिप) तक एवं दिनांक 10.09.24 से 12.09.24 तक (03 ट्रिप) रेवाडी से 18.00 बजे प्रस्थान कर 22.30 बजे गोगामेडी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04796, गोगामेडी-रेवाड़ी मेला स्पेशल दिनांक 20.08.24 से 29.08.24 (10 ट्रिप) तक एवं दिनांक 10.09.24 से 12.09.24 तक (03 ट्रिप) गोगामेडी से 23.20 बजे प्रस्थान कर 05.15 बजे रेवाडी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में महेन्द्रगढ, लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण द्वितीय श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 12 डिब्बें होगें।

#### सादुलपुर-गोगामेडी-सादुलपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस मेला स्पेशल

गाडी संख्या 04733, सादुलपुर-गोगामेडी मेला स्पेशल 20 अगस्त से 16 सितंबर (28 ट्रिप) तक सादुलपुर से 12.20 बजे प्रस्थान कर 13.35 बजे गोगामेडी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04734, गोगामेडी-सादुलपुर मेला स्पेशल दिनांक 20.8.24 से 16.9.24 (28 ट्रिप) तक गोगामेडी से 4.20 बजे प्रस्थान कर 6.00 बजे सादुलपुर पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 7 साधारण द्वितीय श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 9 डिब्बें होगें।

#### सादुलपुर-गोगामेडी-सादुलपुर प्रतिदिन एक्सप्रेस मेला स्पेशल

गाडी संख्या 04735, सादुलपुर-गोगामेडी मेला स्पेशल दिनांक 21.08.24 से 17.09.24 (28 ट्रिप) तक सादुलपुर से मध्यरात्रि 00.10 बजे प्रस्थान कर मध्यरात्रि 01.30 बजे गोगामेडी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04736, गोगामेडी-सादुलपुर मेला स्पेशल दिनांक 21.08.24 से 17.09.24 (28 ट्रिप) तक गोगामेडी से 4.20 बजे प्रस्थान कर 6 बजे सादुलपुर पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 7 साधारण द्वितीय श्रेणी एवं 2 गार्ड डिब्बों सहित 9 डिब्बें होगें।

#### श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा का अस्थाई ठहराव

गाड़ी संख्या 14701, श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा जो दिनांक 18.08.24 से 17.09.24 तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह गोगामेड़ी स्टेशन पर 02.19 बजे आगमन एवं 02.21 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 14702, बान्द्रा टर्मिनस-श्रीगंगानगर रेलसेवा जो दिनांक 17.08.24 से 16.09.24 तक बान्द्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी वह गोगामेडी स्टेशन पर 00.27 बजे आगमन एवं 00.29 बजे प्रस्थान करेगी।

#### मेला स्पेशल रेलसेवाओं के संचालन के कारण ये रहेंगी प्रभावित

- गाडी संख्या 04351, दिल्ली-हिसार स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.8.24 से 16.9.24 तक सादुलपुर-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 04352, हिसार-दिल्ली स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21.8.24 से 17.9.24 तक हिसार - सादुलपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 04367/04368, रेवाडी-हिसार-रेवाडी स्पेशल रेलसेवा दिनांक 20.08.24 से 16.09.24 तक सादुलपुर -हिसार -सादुलपुर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

## कृषक-वैज्ञानिक संवाद आयोजित



» **जागरूक जनता @ झालावाड़।** केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. टी.सी. वर्मा ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा आत्मा अन्तर्गत दो दिवसीय कृषक-वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 25 कृषकों ने भाग लिया। उन्होंने खरीफ फसलों में समन्वित रोग एवं कीट प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया एवं किसानों की समस्याओं पर संवाद के माध्यम से निदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैलाश चन्द मीणा, संयुक्त निदेशक (कृषि विस्तार), जिला परिषद, झालावाड़ ने कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। शालू मीणा, उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), झालावाड़ ने आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रशिक्षण, कृषक वैज्ञानिक संवाद, प्रदर्शन, अन्तर जिला एवं अन्तर्राज्यीय भ्रमण, किसान मेला एवं विभिन्न क्षेत्रों में किसानों को दिए जाने वाले पुरस्कार आदि पर विस्तार से प्रकाश डाला। किसानों को जागरूकता रखते हुए इन सभी से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम प्रभारी एवं केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक, डॉ. सेवा राम रूण्डला, भूपेन्द्र शेखावत, सहायक निदेशक (कृषि विस्तार), डॉ. मौहम्मद युनुस, प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक के अलावा डॉ. रामसिंह चैहान, जिला समन्वयक (एनएफएसएम), झालावाड़ ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड के चित्तौड़ सीमेंट प्लांट द्वारा पौधारोपण

» **जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी ने चित्तौड़गढ़ स्थित सीमेंट प्लांट द्वारा एक सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। इस कार्यक्रम के दौरान राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक तंवर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी टीम के साथ मौजूद थे। सयंत्र के संचालन प्रमुख शीतल बिसेन द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान दीपक तंवर ने प्रशासन द्वारा दिए गए वृक्षारोपण के लक्ष्य की जानकारी ली। सयंत्र की पर्यावरण प्रबंधक भारती पुरोहित ने बताया कि प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष के लिए न्युवोको के सीमेंट प्लांट को 10 हजार पौधें लगाने का लक्ष्य दिया गया था एवं उस लक्ष्य को पूरा करते हुए सीमेंट प्लांट ने लक्ष्य से भी ज्यादा 11 हजार 182 पौधों का पौधारोपण किया है। इसी क्रम में न्युवोको सीमेंट प्लांट प्रमुख जितेन्द्र जैन ने मुख्य अतिथि तंवर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्युवोको प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण के प्रति समर्पित है तथा भविष्य में भी इसके प्रति अग्रसर रहेगा।

## सर्वसम्मति से अधिवक्ता गजेन्द्र पाराशर बने युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष



» **जागरूक जनता @ केकड़ी।** शहर के चारभुजा मंदिर परिसर में पाराशर समाज केकड़ी की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक समाज अध्यक्ष घनश्याम पाराशर के नेतृत्व में आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम महर्षि पराशर व महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात समाज के सचिव सुदेश पाराशर ने वेद व्यास जयंती के आयोजन पर हुए आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया तथा उपस्थित समाजबंधुओं ने जयंती ओर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रशंसा करी व भविष्य में नित नए कार्यक्रम विभिन्न नवाचारों के साथ सम्पन्न करने पर चर्चा की गई। इस दौरान सचिव ने समाज की युवा ओर नई पीढ़ी को सामाजिक सरोकार ओर समाज के प्रति रुचि बढ़ाने हेतु आगे बढ़ाने के क्रम में एक युवा प्रकोष्ठ बनाने का प्रस्ताव रखा गया जिसका उपस्थित समाजबंधुओं ने समर्थन करते हुए युवा प्रकोष्ठ बनाने की सहमति प्रदान की जिस हेतु उपस्थित सभी समाज बंधुओ ने युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में अधिवक्ता गजेन्द्र पाराशर को नियुक्त किया तथा समाज के अध्यक्ष घनश्याम पाराशर ने नवीन युवा अध्यक्ष को जल्द से जल्द युवा कार्यकारिणी का विस्तार करने का आदेश प्रदान किया। बैठक में समाज हित से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

**भारी बारिश के कारण रेल यातायात प्रभावित**

## रेलसेवाएं रद्द/आंशिक रद्द/मार्ग परिवर्तित रहेगी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** जोधपुर मण्डल के मारवाड खारा-मारवाड बीठडी एवं फलौदी-मलार, रोहट-केरला एवं बिलाडा-पीपाड रोड के मध्य पानी भराव हो जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उपरोक्त के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं प्रभावित रहेगीः-

#### आंशिक रद्द रेल सेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाडी संख्या 04825, जैसलमेर-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा 06.08.24 को जैसलमेर से प्रस्थान करने वाली रेलसेवा पोकरण तक संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा पोकरण-जोधपुर आंशिक रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 14704, लालगढ-जैसलमेर रेलसेवा 06.08.24 को लालगढ से प्रस्थान करने वाली रेलसेवा कोलायत तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा कोलायत-जैसलमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 15013, जैसलमेर-काठगोदाम रेलसेवा 06.08.24 को जैसलमेर से प्रस्थान करने वाली रेलसेवा पोकरण तक ही संचालित होगी। यह रेलसेवा पोकरण-काठगोदाम के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 20492, साबरमती-जैसलमेर रेलसेवा 05.08.24 को साबरमती से प्रस्थान की है वह फलौदी तक ही संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा फलौदी-जैसलमेर के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 20491, जैसलमेर-साबरमती रेलसेवा 06.08.24 को जैसलमेर के स्थान पर फलौदी से संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा जैसलमेर- फलौदी के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

#### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाडी संख्या 19223, गांधीनगर कैपिटल-जम्मूतवी रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग महेसाना-पाटन-भीलडी-समदडी-लूनी होकर संचालित होगी।
- गाडी संख्या 14802, इंदौर-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को इंदौर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग अजमेर-फुलेरा-मेडता रोड होकर संचालित होगी।
- गाडी संख्या 15014, काठगोदाम-जैलसमेर रेलसेवा दिनांक 05.08.24 को काठगोदाम से प्रस्थान की है वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग फुलेरा-मेडता रोड-जोधपुर होकर संचालित होगी।
- गाडी संख्या 16534, बैगलूरू-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 04.08.24 को बैगलुरू से प्रस्थान की है वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पालनपुर-भीलडी-समदडी होकर संचालित होगी।

#### रद्द रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

- गाडी संख्या 04809/04810, जोधपुर-पोकरण-जोधपुर स्पेषल रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी।
- गाडी संख्या 14703, जैसलमेर-लालगढ एक्सप्रेस रेलसेवा दिनांक 06.08.24 को रद्द रहेगी।

## कोटा के रेलवे टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड से होगा पेमेंट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** कोटा रेल मंडल के सभी रेलवे टिकट काउंटर्स पर अब यात्री क्यूआर कोड स्केन कर डिजिटल तरीके भी टिकट खरीद सकेंगे। कोटा रेल मंडल ने अपने सभी रेलवे स्टेशनों के टिकट काउंटर्स पर यह सुविधा शुरू कर दी है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी टिकट काउंटर्स पर क्यूआर कोड डिस्प्ले मशीन को लगाया गया है। इससे पारदर्शी लेन-देन तो होगा। इसके अलावा क्यूआर कोड बेस्ड ट्रांजेक्शन सरल एवं सुरक्षित भी है।

सभी स्टॉल पर भी होगा डिजिटल भुगतान -कोटा मंडल में सभी रेलवे स्टेशनों पर खानपान स्टॉल, एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत संचालित स्टॉल एवं अन्य सभी प्रकार के स्टॉल पर डिजिटल भुगतान के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था है।

#### टिकट चेकिंग भी ऑनलाइन

कोटा रेल मंडल में टिकट चेकिंग स्टाफ को 346 आवंटित हैंड हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) मशीन उपलब्ध करवा रखी है। ऐसे में ट्रेन के भीतर भी डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।




#### अनारक्षित टिकट भी ऑनलाइन

**अब** तक केवल आरक्षित टिकट काउंटरों पर पीओएस मशीन से डिजिटल भुगतान किया जा रहा था। अनारक्षित टिकट काउंटरों पर डिजिटल भुगतान की व्यवस्था नहीं थी, जबकि अगस्त माह से कोटा के 90 रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित व आरक्षित टिकट काउंटरों पर डिजिटल भुगतान के लिए क्यूआर कोड मशीन को इंस्टाल किया गया है।

#### डिजिटल मशीन जारी करेगी टिकट

**अब** यात्री को क्यूआर कोड से डिजिटल टिकट ले कर इसका डिजिटल भुगतान कर सकेगा। इसके लिए यात्री मोबाइल से स्कैन कर भुगतान कर सकता है।

#### फैक्ट फाइल

- 90 स्टेशनों पर मिलेगा डिजिटल टिकट
- 86 कोटा रेल मंडल के जनरल टिकट काउंटर पर डिजिटल टिकट
- 32 आरक्षण कम जनरल टिकट काउंटरों पर सुविधा
- 20 आरक्षण टिकट काउंटरों पर इस डिजिटल क्यूआर कोड मशीन से भुगतान की अतिरिक्त सुविधा।

## महिला ने एक साथ दिया 2 लड़के, 2 लड़कियों को जन्म



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**दौसा।** महिला चिकित्सालय में पहली बार एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया है। दौसा निवासी संतोष प्रजापत (21) ने चार बच्चों को जन्म दिया। चार अगस्त को संतोष को दौसा से रेफर किया गया था। चिकित्सकों के अनुसार महिला की डिलीवरी सातवें महीने में हुई और वो एनीमिया से पीड़ित है। प्रसव डॉ.ज्योत्सना की देखरेख में करवाया गया। महिला चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. आशा वर्मा ने बताया कि एक साथ चार बच्चों की डिलीवरी के मामले दुर्लभ होते हैं ऐसे में डॉक्टर भी चारों बच्चों को देखकर हैरान रह गए। सामान्य प्रसव से चारों की डिलीवरी करवाई गई है। महिला ने सुबह 8.6 से 8.18 के बीच दो लड़के और दो लड़कियों को जन्म दिया है। अभी मां और बच्चे स्वस्थ हैं।

हालंकि बच्चों को सांस लेने में थोड़ी तकलीफ है और वजन कम होने के कारण उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया है। इसमें 2 को वजन तो एक-एक किलोग्राम है, जबकि एक बच्चा 700 ग्राम और एक 930 ग्राम का है।

**ANCHOR** रुमा देवी सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृत्ति कार्यक्रम सम्पन्न

# 54 प्रतिभाओं को मिली 20 लाख की छात्रवृत्ति

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**रावतसर @ डालू जाखड़ रावतसर।** माँ देवी फाउंडेशन द्वारा आयोजित अक्षरा छात्रवृत्ति कार्यक्रम बालोतरा के द ज्यूरी रिसोर्ट में सम्पन्न हुआ, जिसमें 54 प्रतिभाओं को 20 लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। रूमा देवी सुगणी देवी अक्षरा छात्रवृति के समन्वयक हरि गढवाल ने बताया की कार्यक्रम में खेल क्षेत्र से आठ खिलाडी, शिक्षा क्षेत्र में 37 विद्यार्थी, कला क्षेत्र से 5 कलाकर, मेडिकल और इंजीनियरिंग फिल्ड से 4 विद्यार्थी शामिल रहे। मेडिकल और इंजीनियरिंग फिल्ड से सम्बन्धी छात्रों को 75 हजार और अन्य प्रतिभाओं को 25 हजार की छात्रवृत्ति और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रवृत्ति पाने वाले छात्रों में मुख्यतः उन परिवारों के बच्चों का चयन किया गया है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और शिक्षा, कला, खेल और मेडिकल व इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रगति करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित अतिथियों और विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति चयन हेतु स्क्रीनिंग प्रोसेस के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालोतरा जिला कलेक्टर सुशीलकुमार ने कहा कि रुमा देवी फाउंडेशन की यह अनूठी पहल है। जिसमें वास्तविक जरूरतमंद प्रतिभागियों का चयन छात्रवृत्ति के लिए किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियो को प्रेरित करते हुए कहा की जीवन में कभी भी निराश नहीं हो और विषम परिस्थितियों का सामना मेहनत से करे तो सफलता अवश्य मिलेगी।

आईएएस मोहनलाल जाखड के अलावा डॉ वेदप्रकाश त्यागी मेम्बर ऑफ़ राजस्थान आयुर्वेद परामर्शदात्री समिति, कोचिंग संस्थापक निर्मल गहलोत, डॉ कुलदीप रतनु निदेशक इण्डिया पॉलिसी फाउंडेशन नई दिल्ली, जर्मन वैज्ञानिक डॉ इल्से कोहलर रोलेफसन ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में हनुमंत सिंह जी राठोड़ लोकहित पशुपालक संस्थान, खियाराम चौधरी सवेरा संस्थान, सोनाराम के जाट, भुवनेश्वर सिंह चौहान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालोतरा, नानू राम सैनी अतिरिक्त जिला कलेक्टर बालोतरा, सुमित्रा जैन सभापति बलोतरा नगर परिषद, गौमती चौधरी अधीक्षक वीर तेजाजी बालिका छात्रावास, ओम बाठिया समाजसेवी, ममता जोगेंद्र प्रजापत प्रधान पटौदी, ईश्वर सिंह चौहान इत्यादी बतौर अतिथि उपस्थित रहे 7 कार्यक्रम में जोगाराम मूंढ भोजासर, चेतन सिंह धतरवाल जगदीश कुमार ज्याणी, हिम्मत कुमार बेनीवाल एनआरआई इत्यादी का सक्रीय योगदान रहा।

घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म — दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार
बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2024-26




संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039



# 6 दिसंबर को ही रिलीज होगी 'पुष्पा-2 द रूल'...

**नई दिल्ली।** पुष्पा 2 द रूल उन फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जहां मेकर्स ने कुछ दिनों पहले अगस्त से दिसंबर में फिल्म को पोस्टपोन कर दिया था तो वहीं दिसंबर से भी रिलीज डेट आगे बढ़ने की खबरें जोरों पर थी।. हालांकि मेकर्स ने इसे लेकर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी थी। लेकिन अब अल्लू अर्जुन की अपकमिंग फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, जिससे कंफर्म हो गया है कि पुष्पा 2 छह दिसंबर को ही रिलीज होगी। एक एक्साइटिंग अपडेट में, निर्माताओं ने घोषणा की है कि क्लाइमेक्स पार्ट की शूटिंग शुरू हो गई है।

## लाइफ Style

# प्रियंका
## खून भरा चेहरा, कचरे में सने हाथ

प्रियंका चोपड़ा ने अपकमिंग फिल्म द ब्लफ के शूट से कुछ बीटीएस फोटो और वीडियो फैंस अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं। इन फोटो में देसी गर्ल खून से लथपथ और एक्शन करती नजर आ रही हैं। जैसे ही फैन्स इन फोटो को देखा, तो उन्हें प्रियंका की चिंता सताने लगी।




पहली नजर में दिखने वाला खून बाद में फिल्म के सीन का हिस्सा निकला तो फैन्स ने राहत की सांस ली। प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी विदेशी फिल्म द ब्लफ की शूटिंग कर रही हैं। यह फोटो उसी फिल्म के शूट के दौरान की हैं। वहीं, प्रियंका चोपड़ा की कुछ फोटो और वीडियो में उनके सेट की झलक भी देखने को मिल रही है। पोस्ट के साथ प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, 'द ब्लफ के सेट पर मजेदार समय गुजरा। शूटिंग का आखिरी हफ्ता! जो नहीं जानते उनकी जानकारी के लिए बता दूं कि मैं एक फिल्म के सेट पर हूं और यह सब मेकअप है। 19वीं सदी की कहानी और सुमद्री लुटेरे। यह देखना अविश्वसनीय है कि फिल्म क्रू का हर विभाग कैसे कल्पना को हकीकत में बदल देता है।' इस पोस्ट को देखते ही फैंस ने रिएक्शन दिया है। एक यूजर ने लिखा, अपना ख्याल रखिए क्वीन। दूसरे यूजर ने लिखा, हार्ड वर्किंग लड़की। तीसरे यूजर ने लिखा, मूवी मैजिक फॉर रियल। चौथे यूजर ने लिखा, फिल्म का इंतजार नहीं कर सकते। बता दें कि इससे पहले द एकेडमी ग्रैंड केमैन मार्शल आट्र्स स्कूल ने प्रियंका और न्यूजीलैंड के एक्टर कार्ल अर्बन की एक तस्वीर शेयर की थी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'द व्हाइट लोटस...' का फर्स्ट लुक जारी

लॉस एंजिलिस। 'द व्हाइट लोटस' के तीसरे सीजन का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। यह एक अमेरिकी ब्लैक कॉमेडी सीरीज है, जिसका पहला सीजन 2021 में रिलीज हुआ था और दूसरा सीजन 2022 में आया था। 'द व्हाइट लोटस' का नया सीजन खास होने वाला है। दरअसल, पहले सीजन में दिखाई दी नताशा रोथवेल तीसरे सीजन में वापसी करने जा रही हैं। 'द व्हाइट लोटस सीजन 3' के फर्स्ट लुक में सीरीज के किरदार थाईलैंड में छुट्टियां मनाते दिखाई दे रहे हैं।



# शाहरुख से हाथ मिलाना एक भावुक पल था...

लॉस एंजिलिस। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के देश में ही नहीं, विदेशों में भी प्रशंसक हैं। अपने शानदार फिल्मी करियर में शाहरुख कई लोगों की प्रेरणा बने हैं। हाल ही में हॉलीवुड अभिनेता जॉन सीना ने किंग खान की प्रशंसा की है। एएनआई से बात करते हुए हॉलीवुड अभिनेता ने बताया कि शाहरुख खान ने उन्हें कैसे प्ररित किया है। उन्होंने यह भी साझा किया कि जब वह शाहरुख से व्यक्तिगत रूप से मिले तो वह भावुक हो गए थे। जॉन ने कहा, मेरे जीवन में वह सही समय पर मिले और उनके शब्द मेरे लिए प्रेरणा से परे थे। जॉन सीना ने शाहरुख खान की प्रशंसा करते हुए कहा, 'उन्होंने मेरे जीवन में बदलाव लाने में मदद की। उस बदलाव के बाद से मैं उन सभी जैकपॉट को पहचानने में सक्षम हो गया हूं, जो मुझे दिए गए हैं और आभारी हूं और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत करता हूं कि मैं उन्हें बर्बाद न करूं।'



# रवीना ने बेटी राशा संग शेयर की फोटो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अपनी एक्टिंग और स्टाइलिश अंदाज से फैंस के दिलों पर भी राज करती हैं। 49 की उम्र में भी वह अपने लुक से सोशल मीडिया पर कहर ढाए रखती हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी बेटी संग वेकेशन की फोटोज शेयर की है। इन दिनों एक्ट्रेस अपनी बेटी राशा थडानी के साथ स्पेन में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सोशल मीडिया पर मां-बेटी की इस जोड़ी ने अपने फैंस के लिए अपनी छुट्टियों से कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन फोटोज पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। रवीना ने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए है। इस पोस्ट में उन्होंने स्पेन में कैद किए गए कुछ खास पलों को फैंस के साथ शेयर किया है। उनमें वहां की संस्कृति के साथ उन्होंने अपने एक्सपीरियंस भी शेयर किए।




# शत्रुघ्न सिन्हा थे ओवर कॉन्फिडेंट

**नई दिल्ली।** सुभाष घई इन दिनों बिल्कुल अनफिल्टर्ड मोड में हैं। जहां भी बात करने का मौका मिलता है वो बेबाक होकर सीनियर एक्टर्स के बारे में खुलकर बोलते नजर आ रहे हैं। हाल में सुभाष घई अरबाज खान के चैट शो में 'द इन्विंसिबल' में पहुंचे और यहां जैकी श्रॉफ और शत्रुघ्न सिन्हा को लेकर बात की। उन्होंने जैकी दादा को खराब एक्टर बताया और शत्रुघ्न सिन्हा को लेकर कहा कि वो हमेशा ओवर कॉन्फिडेंट एक्टर रहे। फिल्म मेकर ने कहा, पांच किस्म के एक्टर होते हैं सर। एक होता है नॉन एक्टर, एक होता है बैड एक्टर। जैकी श्रॉफ बैड एक्टर थे। अनिल कपूर एक्टर और जो ओवर कॉन्फिडेंट थे वो हमेशा शत्रुघ्न सिन्हा थे। सुभाष घई ने कहा, शत्रुघ्न सिन्हा की सबसे बड़ी परेशानी ये थी कि वो समय पर कभी नहीं पहुंचता था।

## टीवी मसाला

# समानता के अधिकारों पर केंद्रित एक दमदार सोशल ड्रामा 'भीमा'

मुंबई। एंडटीवी पर प्रसारित होने वाले 'भीमा' में बेहद प्रतिभाशाली कलाकार नजर आएंगे, जिनमें तेजस्विनी भीमा, स्मिता साबले भीमा की मां धनिया, अमित भारद्वाज भीमा के पिता मेवा, नीता मोहिन्द्रा कैलाशा



बुआ और मयंक मिश्रा और विक्रम द्विवेदी उसके दो बेटों कलिका सिंह एवं विशम्भर सिंह की भूमिका निभाएं। वहीं, त्रिपुरारी यादव भीमा के मामा गया और नेहा शर्मा उनकी पत्नी फुलमतिया की भूमिका में होंगी। इस शो को राज खत्री प्रोडक्शंस ने बनाया है और इसका प्रीमियर 6 अगस्त को रात 8.30 बजे होगा और हर सोमवार से शुक्रवार एंडटीवी पर शो का प्रसारण होगा। नया शो 'भीमा' 80 के दशक की पृष्ठभूमि पर बना है। राज खत्री प्रोडक्शंस ने इसे निर्मित किया है। इसमें भीमा नाम की एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जो किसी दूसरी जाति से ताल्लुक रखती है। यह एक लड़की की दुविधा और समान अधिकारों को लेकर उसके सफर को दिखाता एक सोशल ड्रामा है। दर्शकों को शो में इस लड़की के साहसिक सफर की कहानी देखने को मिलेगी, जिसमें वह अपने परिवार, समाज और आर्थिक हालातों से उपजी मुश्किलों का सामना करती नजर आती है। काफी अन्याय और भेदभाव झेलने के बावजूद, वह बड़ी ही बेबाकी से उन परेशानियों को पीछे छोड़ देती है। ढेर सारी चुनौतियों के बावजूद भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बी आर आंबेडकर के कानूनों और आदर्शों को बनाए रखना भीमा के अटूट विश्वास को दिखलाता है।

# जब टीवी स्टार्स पर पड़ी आर्थिक तंगी की मार, खुद बयां किया दर्द

**नई दिल्ली।** एक अभिनेता होना और ऐसी जीवनशैली को बनाए रखना अपने आप में एक और काम है। खासकर जब सितारों को समय पर



वेतन नहीं मिलता तो इन्हें कई तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता है। ऐसे ही कई टीवी स्टार्स हैं जो लोगों के सामने जीवन के एक पड़ाव पर आर्थिक तंगी की बात कबूल कर चुके हैं। इनमें से कुछ की हालत इतनी ज्यादा खराब हो गई थी कि इन्हें गुजारा करने के लिए अपना घर और गाड़ी तक बेचनी पड़ी। हाल ही में रश्मि देसाई ने तलाक के बाद आई आर्थिक परेशानियों का खुलासा किया। साथ ही इससे बाहर निकलने की अपनी मुश्किल भरी जर्नी पर भी बात करती नजर आईं।


# बरसात के प्रीमियर में बैसाखी लेकर पहुंचे थे बॉबी देओल...

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि हर स्टार अपनी पहली फिल्म को लेकर बड़े बड़े सपने देखता है। लेकिन कभी कभी ऐसा हो जाता है कि अच्छी खासी प्लानिंग धरी की धरी रह जाती है। एनिमल में शानदार एक्टिंग के जरिए कमबैक करके मशहूर हुए एक्टर बॉबी देओल के साथ भी कुछ ऐसा ही हो चुका है। फिल्मी बैग्राउंड होने की वजह से बॉबी भी अपना करियर फिल्मों में बनाना चाहते थे। उनकी पहली फिल्म थी बरसात। इस फिल्म में उनके साथ ट्विंकल खन्ना थीं। लेकिन पहली फिल्म के दौरान ही बॉबी के साथ ऐसा हादसा हो गया कि फिल्म के प्रीमियर के दौरान उन्हें बैसाखी के सहारे चलकर आना पड़ा। बॉबी और ट्विंकल खन्ना की डेब्यू फिल्म बरसात 1995 में आई थी। इस फिल्म में बॉबी देओल ने एक्शन सीन खुद किए थे।




# अवॉर्ड जीतने वाली फिल्मों का बॉक्स ऑफिस का हाल
# एक ने कमाए थे दो करोड़ से भी कम...

**मुंबई।** हाल ही में, 69वें फिल्मफेयर अवाड्र्स साउथ 2024 के विजेताओं का ऐलान किया गया। इसमें तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम सिनेमा के लिए कई श्रेणियों में अवॉर्ड दिए गए। तमिल में चिट्ठा, तेलुगु में बालागम, कन्नड में डेयरडेविल मुस्तफा और मलयालम में 2018 को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया। आइए जानते हैं कि पुरस्कार जीतने वाली इन सभी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया था।



**चिट्ठा :** तमिल फिल्म 'चिट्ठा' ने वर्ल्डवाइड 11.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 29 सितंबर, 2023 को रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अरूण कुमार ने किया था। फिल्म की कहानी ईश्वर और उसकी लापता भतीजी के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में सिद्धार्थ और सहस्त्र श्री ने अभिनय किया है। इस फिल्म के लिए अरूण कुमार ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का भी पुरस्कार जीता।

**डेयरडेविल मुस्तफा :** कन्नड़ फिल्म 'डेयरडेविल मुस्तफा' का निर्देशन शंशाक सोघल ने किया है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे 19 मई, 2023 को रिलीज किया गया था। सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म का पुरस्कार जीतने वाली इस फिल्म ने मात्र 1.75 करोड़ रुपये कमाए थे। इसमें शिशिर, चैत्रा, आदित्य, वीणा सुंदर ने काम किया है। इसकी कहानी मुस्तफा नाम के एक छात्र के आसपास घूमती है, जिसे एक गैंग के लड़के कॉलेज से निकालने की कोशिश करते हैं।



## ब्लैक में टिकट बेच लोगों ने खरीद लिए थे फ्लैट

# हम आपके हैं कौन: 30 साल पहले बना था ऐसा रिकॉर्ड जो आज भी अभेद!

*मुंबई। सलमान खान और माधुरी दीक्षित स्टारर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर 'हम आपके हैं कौन' की रिलीज को 5 अगस्त को 30 साल हो गए हैं। सूरज बड़जात्या के डायरेक्शन में बनी यह ऐसी फिल्म रही, जिसने बॉलीवुड की तस्वीर बदल दी। इस फिलम ने उस दौर में बंपर कमाई का रिकॉर्ड बनाया था। बल्कि एक रिकॉर्ड तो ऐसा है, जो आज तक नहीं टूटा है। यह भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अब तक की सबसे अधिक फुटफॉल वाली फिल्म है। इसे देखने के लिए उस दौर में 7,39,62,000 दर्शक पहुंचे थे, जो एक महा रिकॉर्ड है। यही नहीं, तब इस फिल्म ने देश में 116 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जो आज के हिसाब से करीब 700 करोड़ रुपए है।*

### बदल दी कितनों की किस्मत

'हम आपके हैं कौन!' वो फिल्म है, जिसने बॉलीवुड को हमेशा के लिए बदल दिया। सलमान खान, माधुरी दीक्षित, रेणुका शहाणे, मोहनीश बहल और सूरज बड़जात्या के करियर को तो इसने आमसान पर पहुंचाया ही, बताया जाता है कि इस फिल्म की टिकटें ब्लैक कर लोगों ने मुंबई में दो-दो फ्लैट खरीद लिए। इस फिल्म में वह सबकुछ है जो एक फैमिली एंटरटेनर में होना चाहिए। ऐसी फिल्म जिसके सभी गाने सुपर-डुपर हिट हुए। लेकिन क्या आपने यह गौर किया है कि इस फिल्म में कोई 'हीरो' नहीं है। जी हां, बताया जाता है कि सूरज बड़जात्या जब फिल्म की स्क्रिप्ट लेकर सलमान के पास पहुंचे थे, तब कहानी सुनकर भाईजान ने यही पूछा था कि इसमें 'हीरो' कौन है? ऐसा इसलिए कि अमूमन फिल्म का हीरो वही होता है, जिसके इर्द-गिर्द कहानी घूमती है, या फिर वो जो कहानी के अंत में हीरोइज्म दिखाता है। लेकिन 'हम आपके हैं कौन!' में ऐसा कोई एक किरदार नहीं है।



**सूरज बड़जात्या ने सुनाया था लिबर्टी सिनेमा का किस्सा :** 'हम आपके हैं कौन' की 25वीं सालगिरह पर सूरज बड़जात्या ने एक दिलचस्प किस्सा सुनाया था। उन्होंने बताया कि कैसे मुंबई के मशहूर लिबर्टी सिनेमा की किस्मत इस फिल्म ने बदल दी थी। यह सिनेमाघर कभी बी-ग्रेड फिल्में दिखाता था। थिएटर में सुविधाओं की भी कमी थी। महिलाओं के लिए शौचालय तब लंबे समय से बंद पड़ा था। सूरज बड़जात्या ने बताया कि लिबर्टी के पास ही मेट्रो सिनेमा (अब मेट्रो इनॉक्स) था, जिसने फिल्म को रिलीज करने से इनका दिया। तब लिबर्टी के तत्कालीन मालिक नजीर हुसैन ने सूरज बड़जात्या से संपर्क किया। राजश्री प्रोडक्शंस ने लिबर्टी सिनेमा में फिल्म रिलीज पर सहमति दी, लेकिन साथ ही शर्त रखी कि थिएटर को अपग्रेड करना होगा। उसमें अल्ट्रा स्टीरियो साउंड सिस्टम लगाना होगा और सबसे पहले महिलाओं के शौचालय को फिर से व्यवस्थित करना होगा।

### माधुरी की वो बैंगनी साड़ी जो बन गई थी फैशन सिंबल

'हम आपके हैं कौन!' की बात हो और माधुरी दीक्षत की बैंगनी साड़ी का जिक्र ना हो, ऐसा तो हो नहीं सकता। 'दीदी तेरा देवर दीवाना' गाने में माधुरी ने जो बैंगनी साड़ी और बैकलेस ब्लाउज पहना था, वो अन्ना सिंह ने डिजाइन किया था। 'टाइम्स ऑफ इंडिया' और 'द ट्रिब्यून' की रिपोर्ट बताती है कि इस साड़ी की मांग ना सिर्फ भारतीय बाजार में, बल्कि, विदेशों में भी खूब रही थी।

### एम एफ हुसैन ने कथित तौर पर 85 बार देखी थी फिल्म

फिल्म में माधुरी दीक्षित बला की खूबसूरत लगी थीं। कथित तौर पर दिवंगत मशहूर पेंटर एमएफ हुसैन ने इस फिल्म को 85 बार देखा था। सबसे दिलचस्प बात यह कि जब फिल्म के निर्माण के बाद सूरज बड़जात्या फिल्म को रिलीज करना चाहते थे, तब सब ने कहा था कि यह बुरी तरह फ्लॉप होगी। इतना ही नहीं, कुछ थिएर्स ने तो इसे रिलीज करने से इनकार कर दिया था। ऐसे में फिल्म पहले हफ्ते में बहुत ही कम सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, बाद में जब बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों में लोग ट्रैक्टर भर-भरकर फिल्म देखने पहुंचने लगे तो सिनेमाघर मालिकों की चांदी हो गई।

## जागरूक खबरें

### ओलिंपिक प्रदेश अध्यक्ष गहलोत का किया स्वागत

**» जागरूक जनता @ जालौर।** राजस्थान स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजस्वी सिंह गहलोत के राजस्थान स्टेट ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित होने के उपलक्ष पर जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश बिश्नोई सेक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला जालोर डिस्ट्रिक्ट कबड्डी एसोसिएशन के सेक्रेटरी जगदीश विश्नोई सांचोर जिला क्रीड़ा भारती के मंत्री भवानी सिंह द्वारा उनका भवभीना स्वागत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की इस अवसर पर जालोर के प्रतिनिधियों ने राजस्थान स्टेट ओलम्पिक गेम्स एवं कबड्डी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता सांचोर को आंवटन करवाने का निवेदन करने पर गहलोत ने सहर्ष स्वीकृति देने का आश्वासन दिया। तेजस्वी सिंह गहलोत अध्यक्ष राजस्थान राज्य ओलिंपिक संघ द्वारा जालोर डिस्ट्रिक्ट ओलिंपिक एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल लाल सिंह सांखला को राजस्थान राज्य ओलिंपिक एसोसिएशन में यूथ कमीशन का चैयरमेन मनोनीत करने पर राजस्थान के सेक्रेटरी जनरल सुरेंद्र सिंह गुर्जर कोषाध्यक्ष अरुण सारस्वत का जालोर जिला ओलम्पिक संघ के सचिव एवं क्रीड़ा भारती जालोर के महामंत्री भगीरथ गर्ग ने आभार जताया।

### 9 अगस्त का सार्वजनिक अवकाश हो गया घोषित

**» जागरूक जनता @जयपुर।** राजस्थान में 9 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो गया है। सरकार ने यह निर्णय विश्व आदिवासी दिवस के चलते लिया है। इस दिन सरकारी स्कूल-कॉलेज, बैंक और ऑफिस की छुट्टियां रहेगी। विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेश के विभिन्न इलाकों में रहने वाले आदिवासी लोग धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

**कल भी रहेगा आधे दिन का अवकाश:** कल यानि 7 अगस्त को भी राजस्थान सरकार ने आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। दरअसल, राजधानी जयपुर में तीज की सवारी निकलती है, ऐसे में राजस्थान सरकार ने आधे दिन का अवकाश के आदेश जारी किए है। जिसके तहत प्रदेश के सभी ऑफिस, स्कूल-कॉलेज और बैंक में आधे दिन का अवकाश रहेगा।

# खरड़ेश्वर महादेव में सजाई 56 भोग की झांकी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सावन मास में शिवालयों में जहां रूद्राभिषेक और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का दौर जारी है, वहीं नगर के प्रमुख खरड़ेश्वर महादेव मंदिर में श्रीनाथ जी का रूप धराकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान को छप्पन भोग धराया। छप्पन भोग की झांकी के दर्शन करने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान महादेव के श्रीनाथ स्वरूप को 1 हजार 11 व्यंजनों का भोग धराया गया। शहर भर के सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने अपने घरों पर ही बनाये गये व्यंजनों को भगवान के सम्मुख भोग के लिए रखा, जो बाद में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इस दौरान 100 किलो नुक्ती, 5 क्विंटल केले के साथ साबूदाने की खिचड़ी और हलवा महाप्रसाद के रूप में वितरित किया गया।



### भजन संध्या ने बांधा समां

**सावन** के तीसरे सोमवार को खरड़ेश्वर महादेव के परिसर में हुई भजन संध्या में भीड़ उमड़ी। गंगा ग्रुप द्वारा भव्य भजनों की संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या में भजन गायिका माही जोशी और खुशी जोशी ने अपने भजनों से श्रोताओं को सराबोर कर दिया। दोनों जोशी बहनों ने महाकाल सरकार मेरे महाकाल सरकार, राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी सहित एक से बढ़कर एक भजन गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी तरह भजन गायक अभिनन्दन काबरा, सुमित हेड़ा, अभिषेक मून्दड़ा, राजेश सोमानी, अंकित लड्ढा, माधव बाहेती, दीपिका चंद्रवंशी, कनकलता और अशोक जोशी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इसी कड़ी में आगामी रविवार को खरड़ेश्वर महादेव में सहस्त्रधारा अभिषेक किया जायेगा।

### मीराबाई की कथा में भोजराज के साथ विवाह वर्णन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** श्रावण मासीय चातुर्मास कथा महोत्सव समिति द्वारा ईनाणी सिटी सेंटर में आयोजित कथा मीरा चरित्र अपने चरम पर है। युवा संत अभय दास महाराज द्वारा 23 जुलाई से प्रारंभ की गई कथाओं की श्रृंखला में नानी बाई का मायरो, श्रीमद् भागवत कथा के पश्चात मीरा चरित्र कथा ने चतुर्थ दिवस में प्रवेश किया। मीराबाई के बाल्यकाल से लेकर विवाह तक का बहुत ही सुंदर वर्णन अपनी कथा के माध्यम से महाराज द्वारा सुनाया जा रहा है। सुरेश ईनाणी, महेश ईनाणी और मुख्य यजमान चित्तौड़गढ़ के निवासी समस्त बंधुगण, मातृ शक्ति भक्तिरस एवं भावरस में डूब कर कथा का लाभ ले रहे हैं। ऐसी मान्यता है कि मीरा पूर्व-जन्म में वृंदावन की एक गोपी थीं और उन दिनों वह राधा की सहेली थीं। वे मन ही मन भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम करती थीं। गोप से विवाह होने के बाद भी उनका लगाव श्रीकृष्ण के प्रति कम न हुआ और कृष्ण से मिलने की तड़प में ही उन्होंने प्राण त्याग दिए। बाद में उसी गोपी ने मीरा के रूप में जन्म लिया। वे श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी भक्त मानी जाती है। मीरा बाई ने जीवनभर भगवान कृष्ण की भक्ति की और कहा जाता है कि उनकी मृत्यु भी भगवान की मूर्ति में समा कर हुई थी। कथा में महाराज ने बताया कि मीराबाई का विवाह महाराणा सांगा के पुत्र भोजराज से कर दिया गया। इस शादी के लिए पहले तो मीरा बाई ने मना कर दिया। पर जोर देने पर वह फूट फूटकर रोने लगी और विदाई के समय कृष्ण की वहीं मूर्ति अपने साथ ले गई, जिसे उसकी माता ने उनका दूल्हा बताया था।



### बालाजी महाराज एवं श्री सीताराम जी महाराज को धारण करवाया लहरिया पोशाक

**» जागरूक जनता @ जयपुर।** हाथोज धाम मंदिर श्री दक्षिण मुखी बालाजी महाराज में सावन तीज महोत्सव के उपलक्ष में बालाजी महाराज एवं श्री सीताराम जी महाराज को लहरिया पोशाक धारण करवाया गया तथा घेवर का भोग लगाया गया। हाथोज धाम के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज ने बताया कि हरियालो राजस्थान में हरियाली तीज उत्सव से लेकर के कृष्ण जन्मोत्सव तक भगवान का झूला महोत्सव मनाया जाएगा।

### भाजपा चलायेगी हर घर तिरंगा अभियान

**» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़।** भाजपा द्वारा तिरंगा अभियान को लेकर पार्टी की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक को प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर, उदयपुर संभाग सह प्रभारी मिथलेश गौतम, राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने संबोधित किया। मनोज पारीक ने बताया कि अभियान को लेकर वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने विस्तार से अभियान की रूपरेखा एवं रचना की जानकारी देते हुए इस अभियान को भव्य रूप देने का आव्हान किया। अभियान को लेकर हुई वर्चुअल बैठक में जिलाध्यक्ष मिड्ढू लाल जाट, रघु शर्मा, देवी सिंह राणावत, सीपी नामधराणी सम्मिलित रहे। जिलाध्यक्ष जाट ने कहा कि जिले में अभियान को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है। पीएम मोदी के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान पूरे देश में चलेगा। अभियान में भाजयुमों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। यह अभियान 11 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। बुथ स्तर तक अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता, प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केंद्रों पर तिरंगा फहराने के लिए अभियान चलायेंगे।

### जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितम्बर में होंगे

**» जागरूक जनता @ जम्मू।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सितंबर में होंगे। उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश के लोगों से विकास की गति बनाए रखने और आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा को वोट देने का आग्रह किया। जम्मू-कश्मीर में भाजपा के चुनाव प्रभारी रेड्डी जम्मू के बाना सिंह स्टेडियम में धारा 370 के निरस्तीकरण की पांचवीं वर्षगांठ पर आयोजित एकात्म महोत्सव रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धारा 370 को निरस्त करने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पाक और आईएसआई की गतिविधियों पर काफी हद तक अंकुश लगा है।

## प्रदेश में साइबर ठगी रोकने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत -चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा साइबर ठगी को रोकने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं। प्रदेश में इसके लिए नियमित अभियान भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि भरतपुर रेंज स्तर पर जून 2024 तक विशेष अभियान 'एन्टीवायरस' चलाकर 127 प्रकरण दर्ज किये गए तथा 471 साइबर ठगों को डीटेन किया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि गत पांच वर्षों में भरतपुर एवं डीग में साइबर अपराधों के दर्ज मामलों में से अधिकतर में पुलिस द्वारा एफआर लगाई गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पुलिस द्वारा गलत तरीके से एफआर लगाने की शिकायत की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भरतपुर जिले में विगत पांच वर्षों (1 जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 तक) में साइबर ठगी के कुल 175 मुकदमें दर्ज हुए हैं, इन्होंने मुकदमों का वर्षवार व थानेवार विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि उक्त दर्ज 175 मुकदमों में 20 व्यक्तियों के 17 लाख 30 हजार 994 रूपये की रिकवरी की गई। उन्होंने इनका वर्षवार विवरण सदन के पटल पर रखा।

सिंह ने साइबर ठगी को रोकने के लिए किये गये प्रयासों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

## समेकित कृषि प्रणाली अन्तर्गत सोयाबीन के प्रदर्शनों का अवलोकन किया



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**झालावाड़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. टी.सी. वर्मा ने बताया कि केन्द्र द्वारा खरीफ 2024 में सोयाबीन की किस्म जेएस 20-98 पर लगाए गए समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों के अवलोकन हेतु केन्द्र के अधिकारियों ने कृषि विभाग की टीम के साथ आनन्दा, खेरखेड़ा, तलवाड़िया एवं अम्बाला गाँव के प्रदर्शनों का अवलोकन किया।

केन्द्र के प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक एवं प्रदर्शन प्रभारी डॉ. मोहम्मद युनुस ने बताया कि तिलहन उत्पादन बढ़ाने हेतु केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अन्तर्गत सोयाबीन की किस्म जेएस 20-98 के 250 समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गये हैं। उन्होंने बताया कि जलवायु एवं वर्षा में हो रहे बदलाव के कारण कई स्थानों पर सोयाबीन में सेमीलूपर एवं गर्डल बीटल की समस्या सामने आ रही है जिसके निरिक्षण हेतु गाँव आनन्दा, खेरखेड़ा, तलवाड़िया एवं अम्बाला में सोयाबीन फसल की वर्तमान स्थिति जानने के लिए कृषि विभाग की टीम जिसमें भूपेन्द्र सिंह शेखावत, सहायक निदेशक, कृषि विस्तार, झालावाड़, डॉ. रामसिंह चैहान, जिला समन्वयक (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन), झालावाड़, बालचन्द गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक, बड़ौदिया पंचायत एवं प्रवीण कुमार, कृषि पर्यवेक्षक, असनावर के साथ केन्द्र द्वारा खरीफ 2024 में लगाए गए जे.एस. 20-98 के प्रदर्शनों का अवलोकन किया गया।

भूपेन्द्र सिंह शेखावत, सहायक निदेशक, कृषि विस्तार, झालावाड़ ने केन्द्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि केन्द्र द्वारा जे.एस. 20-98 के लगाए गए प्रदर्शनों की स्थिति अन्य किस्मों की तुलना में अच्छी है।

केन्द्र के वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता दिनेश चौधरी ने अवलोकन के दौरान बताया कि सोयाबीन में फूल आने की अवस्था आ चुकी है तथा सोयाबीन फसल में कुछ स्थानों पर सेमीलूपर एवं गर्डल बीटल का प्रकोप देखा गया है। इसके समाधान हेतु केन्द्र द्वारा सोयाबीन फसल में सेमीलूपर एवं गर्डल बीटल के नियंत्रण के लिए इमामेक्टिन बेन्जोएट 5 प्रतिशत एसजी की 200 ग्राम मात्रा एवं प्रोपेनोफोस 50 ईसी 1.25 लीटर या थायोमेथोक्जाम+लेम्डासायहैलोथ्रिन 300 मि.ली. दवा को 600 लीटर पानी में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव के लिए सुझाव दिया।

## हरियाली तीज महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**महेन्द्रगढ़।** बीएमडी फाउंडेशन द्वारा मॉडल टाउन रेवाड़ी कार्यालय में हरियाली तीज महोत्सव पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट नवीन कुमार ने की जबकि कार्यक्रम सयोंजक लक्कीराव सीगड़ा थे। इस मौके पर सीगड़ा ने कहा की तीज का त्योहार हमारी संस्कृति को दर्शाता है। मेहँदी प्रतियोगिता में अनुराधा ने प्रथम स्थान एवं निशा शर्मा ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान गुड़िया एवं निविका सोनी ने प्राप्त किया। अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट बसंत कुमार, कृश, हैप्पी, नाहर, साहिल, खुशी सहित अन्य सयुवा साथी उपस्थित थे।

## तीज के त्योहार पर मातृ शक्तियों का किया सम्मान



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विराज फाउंडेशन के तत्वाधान में तीज के पावन त्यौहार पर प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने सभी मातृ शक्तियों का दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष तिवाडी ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की कड़ी तपस्या से माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त किया और पति की लंबी उम्र के लिए भी हरियाली तीज मनाई जाती है इस दौरान विप्र कल्याण बोर्ड पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा विराज फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ सांस्कृतिक मंत्री नमीता अग्रवाल, शिक्षा मंत्री सुरभी सिंह, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश रीडर प्रदेश सलाहकार नगेंद्र वशिष्ठ भी उपस्थित रहे।


जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews


## 1000 किलो घी से बना दुनिया का सबसे बड़ा घेवर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** ग्रेटर निगम ने मुहाना रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में तीज महोत्सव मनाया। इसमें आकर्षण का केंद्र सवा सात फीट का 455 किलो का घेवर रहा। इसके लिए एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हो गया। इससे पहले कार्यक्रम में जो भी पहुंचा, उसने इस घेवर के साथ सेल्फी ली और कार्यक्रम खत्म होने के बाद इसी घेवर से मुंह मीठा करवाया गया। तीज राजस्थान के प्रमुख त्योहारों में से एक है। इस त्यौहार पर देसी घी में बनी एक स्पेशल मिठाई घेवर बनते है जो केवल इसी त्यौहार पर बनती है। घेवर राजस्थान की लोकप्रिय मिठाइयों में से एक है। बेसन, सूजी, और घी से तैयार इस मिठाई में शक्कर की चाशनी डाली जाती है। इसका आकार और बनावट खास होती है।



**ANCHOR** | **परिवर्तित बजट सत्र**

## प्रदेश में खुलेंगे महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी एवं संभाग स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज-राठौड़

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** युवा मामलात और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट 2024-25 में प्रदेश में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और संभाग स्तर पर स्पोर्ट्स कॉलेज खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के युवाओं को यहाँ डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रमों में अध्ययन की सुविधा मिलेगी।

युवा मामलात और खेल मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि राज्य क्रीडा संस्थान जोधपुर में करीब 61 करोड़ के विकास कार्य किये जा रहे हैं। इन निर्माण कार्यों का निरिक्षण कार्यकारी एजेंसी द्वारा समय-समय पर किया जाता है। उन्होंने बताया कि यहां खिलाडियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। राठौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी



एवं संभाग स्तर पर खोले जाने वाले स्पोर्ट्स कॉलेजों की घोषणा के बाद राजस्थान राज्य क्रीडा संस्थान जोधपुर में उपलब्ध डिप्लोमा पाठ्यक्रम के औचित्य पर फिर से विचार किया जाना आवश्यक है।

इससे पहले विधायक देवेन्द्र जोशी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में युवा मामलात और खेल मंत्री ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीडा संस्थान जोधपुर की स्थापना राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर के परिसर में की गई है। इस संस्थान को राजस्थान सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1958 के तहत 4 अप्रैल 2023 को पंजीकृत किया गया है। संस्थान हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कुल बजट प्रावधान 460 लाख रुपए स्वीकृत है।

राठौड़ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्थान राज्य क्रीडा संस्थान जोधपुर में स्वीकृत पदों पर कार्यरत अधिकारी व कार्मिकों के वेतन एवं भत्तों पर 49 लाख 19 हजार 746 रुपए का व्यय हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में खेल मैदान एवं खेल सुविधाओं का निर्माण कार्य चल रहा है एवं खिलाड़ियो के प्रशिक्षण का कार्य संस्थान परिसर में संचालित राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के तहत करवाया जा रहा है।

उन्होंने राजस्थान राज्य क्रीडा संस्थान जोधपुर के वर्ष 2023 में पंजीकृत होने के बाद विभाग द्वारा स्वीकृत विकास कार्यों का विवरण तथा करवाये गये कार्यों की गुणवत्ता की जांच संबंधी सूचना सदन के पटल पर रखी।

## गौशालाओ में गोवंश के भरण पोषण राशि में वृध्दि करने की सख्त आवश्यकता-आक्या

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान गौवंश पर बोलते हुए गौसंरक्षण एवं गोपालन हेतु अनुदान राशि बढ़ाने का मुद्दा सदन में उठाया। विधायक आक्या ने सदन में कहां कि कांजी हाउस गौशालाओ में संधारित बड़े गौवंश को भरण पोषण सहायता राशि के रूप में 40 रूपये तथा छोटे गोवंश को भरण पोषण सहायता राशी के रूप में 20 रूपये प्रति गोवंश प्रतिदिन की दर से 270 दिवस तक दी जा रही है। जिसे बढ़ाकर बड़े गौवंश के लिये 100 रुपये तथा छोटे गोवंश के लिये 50 रूपये तक प्रति गोवंश प्रतिदिन 365 दिवसो के लिये किये जाने की आवश्यकता है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोगाराम कुमावत ने जवाब देते हुए कहां कि अंधी व अपाहिज गोवंश के लिये अनुदान सहायता राशि 365 दिवस के लिये दिये जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री द्वारा 29 जुलाई को अनुदान राशि में 10 प्रतिशत वृद्धि किये जाने का प्रावधान किया है जो आगामी अनुदान में बढ़ाकर दी जाएगी। विधायक आक्या ने कहां कि 2016 में गोसरंक्षण अधिनियम पारित किया गया था। सन् 2021 में पारित संशोधन में गो सेस कर की राशि को मानव आपदा पर व्यय किये जाने का प्रावधान किया गया था। क्या सरकार 2021 में पारित संशोधन के तहत सेस कर की राशि को पुनः 2016 के गोसरंक्षण अधिनियम में ले जाने का विचार रखती है। साथ ही उनके विधानसभा क्षेत्र में अनेक गोचर जमीन है, जिसे गौशालाओ के लिए आंवटित करने में दिक्कते आती है, सरकार को इस बाबत मंत्रीमण्डल की बैठक बुलाकर आवश्यक संशोधन कर नियम बनाना चाहिए। इस पर मंत्री कुमावत ने विधायक आक्या को आश्वस्त करते हुए कहां कि शराब, रजिस्ट्री, स्टाम्प पंजीयन आदि से प्राप्त सेस कर की राशि को गौशालाओं के अनुदान व संचालित विकास योजनाओं पर ही खर्च किये जाने का प्रावधान है जो कि आगे भी लागू रहेगा।